● जयपुर, बुधवार, 26 जून 24 ●वर्ष 13 ● अंक 298 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की बड़ी कार्रवाई...

पेज @4 मीसाबंदियों की पेंशन को लेकर भजनलाल सरकार गंभीर...

पेज @8 » उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया सीकर रोड ड्रेनेज...

# लोकसभा स्पीकर पर पहली बार होगा चुनाव

## ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष ने के. सुरेश को उतारा उम्मीदवार

**नई दिल्ली/एज्जेंसी।**

18वीं लोकसभा के नए अध्यक्ष पर पद को लेकर नया ट्विस्ट आया है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए अब विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर पद पर अपना उम्मीदवार उतारा है। केरल के कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने विपक्ष की तरफ से स्पीकर के पद पर अपना पर्चा दाखिल कर दिया है। अब उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला से होगा। ओम बिरला ने भी स्पीकर पद के नामांकन भर दिया है। कल लोकसभा स्पीकर के लिए चुनाव होना है। वहीं, आज कांग्रेस ने सरकार पर डिप्टी स्पीकर को लेकर सहयोग नहीं करने का भी आरोप लगाया और इसके थोड़ी देर बाद स्पीकर पद के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया।

कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगा, उन्होंने सरकार पर डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने में आनाकानी करने का आरोप लगाया। बता दें कि भारत के इतिहास में ये पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष इस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।



के सुरेश केरल की मवेलिकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। साल 1989 से उनका इस सीट पर कब्जा है। उन्हें लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुभव हैं। वे अबतक 7 बार सांसद बन चुके हैं। साथ ही के सुरेश कांग्रेस की सरकार में 2012 से 2014 तक राज्य मंत्री थे। साल 2018 में उन्हें केरल कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। वे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव भी रह चुके हैं।

18वीं लोकसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चेहरा करीब करीब क्लीयर हो गया है। एक बार फिर ओम बिरला स्पीकर की कुर्सी पर नजर आएंगे। राजस्थान के कोटा से लगातार थर्ड टर्म से सांसद हैं। 2019 में पहली बार इन्हें स्पीकर बनाया गया और अब दूसरी बार ये पद संभालेंगे।

### ओम बिरला ही बनेंगे लोकसभा अध्यक्ष, विपक्ष ने की डिप्टी स्पीकर पद की मांग

**नई दिल्ली/एजेंसी।** वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ही दोबारा से लोकसभा के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। मंगलवार को तेजी से चले राजनीतिक घटनाक्रम में सत्तारूढ़ भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ विचार-विमर्श के बाद लोकसभा के नए अध्यक्ष का नाम फाइनल कर दिया। सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पीकर के पद पर सर्वसम्मति बनाने के लिए विपक्षी दलों से बातचीत की।

वहीं, मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले ओम बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में यह मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यालय में ओम बिरला, अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ उच्चस्तरीय बैठक भी की।

## न्यूज़ अपडेट

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की तैयारी,

● **अमरनाथ यात्रा को बनाया जा सकता है निशाना, पाकिस्तान में तैयार हुआ प्लान**

**नई दिल्ली/एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए पाकिस्तान में साजिश रची जा रही है। हथियारों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचाने के लिए लाहौर और बहावलपुर में भी मीटिंग हुई है। लश्कर आतंकी संगठन की एक बड़ी मीटिंग जम्मू-कश्मीर को लेकर लाहौर में हुई है। इस मीटिंग में लश्कर का नंबर टू का आतंकी आमिर अब्दुल रहमान मक्की शामिल था। इस मीटिंग का मेन एजेंडा कम से कम 20 रू फोर अमेरिकी हथियार को जम्मू-कश्मीर में भेजने का है। इसके जरिए अमरनाथ यात्रा के पूरे रूट पर अलग-अलग जगहों पर अटैक करना है। वहीं, दूसरी मीटिंग जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की बहावलपुर में हुई है। इस मीटिंग को मुफ्ती अब्दुल रऊफ ने पाकिस्तानी ढ्रस्ढ्ढ और आतंकियों के साथ मिलकर किया है। इसमें जैश-ए-मोहम्मद के ओवर ग्राउंड वर्कर और इन्फॉर्म वर्ष को पैसा पहुंचाकर एक्टिव करने के लिए कहा गया है। साथ में घाटी के अंदर ही नहीं बल्कि जम्मू में भी हथियार पहुंचाकर फिदायीन हमला करने की साजिश रची गई है।

### आपातकाल को पीएम मोदी सहित बीजेपी के कई नेताओं ने बताया 'लोकतंत्र का काला दिन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** आज 25 जून है। आज ही के दिन 1975 में आपातकाल लगाया गया था। इसे 'ब्लैक डे ऑफ ड्रेमोक्रेसी' यानी लोकतंत्र के लिए 'काला दिन' बताया जाता है। मंगलवार को सत्तापक्ष के कई नेताओं ने मोर्चा संभालते हुए कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर इस दिन का जिक्र करते हुए कहा, आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। हमें याद दिलाती है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स हैंडल पर कहा, देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं।

## 'राम' ने संस्कृत, तो राहुल ने अंग्रेजी में ली शपथ

**नई दिल्ली/एजेंसी**

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत सोमवार से हो चुकी है. आज संसद सत्र का दूसरा दिन है. स्पीकर पद को लेकर सरकार और विपक्ष में सहमति नहीं बनी है, इसलिए अब विपक्ष की तरफ से भी लोकसभा पद के लिए उम्मीदवार उतारा गया. विपक्ष की तरफ से के सुरेश ने नामांकन दाखिल किया है. दरअसल विपक्ष ने डिप्टी स्पीकर पद की मांग की थी, जिस पर सहमति नहीं बन सकीं. इससे पहले सरकार ने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के नाम पर आम राय बनाने की पहल की. सूत्रों के मुताबिक इसी को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के प्रमुख नेताओं से बात की. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डीएमके प्रमुख एम के स्टालिन और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी से भी इस पर चर्चा हुई. लोकसभा स्पीकर की रेस में सबसे आगे ओम बिरला को ही बताया जा रहा था. लेकिन अब उन्हें के सुरेश से चुनौती मिल रही है.





उत्तर प्रदेश के मेरठ संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अरुण गोविल ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ संस्कृत भाषा में ली. जब शपथ के लिए अरुण गोविल का नाम पुकारा गया तो सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया.

अठारहवीं लोकसभा के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली. 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी.

### असदुद्दीन ओवैसी ने लगाया फिलस्तीन के समर्थन में नारा

**नई दिल्ली/एजेंसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को सांसद के रूप में शपथ ली. 18वीं लोकसभा के लिए वो तेलंगाना की हैदराबाद सीट से सांसद चुने गए हैं.ओवैसी के शपथ से विवाद पैदा हो गया है. उर्दू में शपथ लेने वाले ओवैसी ने शपथ लेने के दौरान फिलस्तीन के समर्थन में 'जय फिलस्तीन' का नारा लगाया.इसका सत्ता पक्ष के सांसदों ने विरोध किया.

जब असदुदीन ओवैसी ने शपथ के दौरान 'जय फिलस्तीन' कहा तो केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद शोभा करंदलाजे ने प्रतिरोध किया. इसके बाद लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राधामोहन सिंह ने ओवैसी के इस बयान को रिकार्ड से निकालने के लिए कहा. लेकिन संसद टीवी ने ओवैसी के शपथ का पूरा वीडियो ट्वीट किया है. प्रोटेम स्पीकर ने अससुद्दीन ओवैसी को लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए बुलाया. इस पर ओवैसी आए और बिस्मिल्लाह पढ़कर सांसदी की शपथ ली.सासंद पद की शपथ लेने के बाद ओवैसी ने 'जय फिलस्तीन'के अलावा 'जय भीम', 'जय मीम' और 'जय तेलंगाना' और आखिर में जय फिलिस्तीन 'तकबीर अल्ला हू अकबर' का नारा लगाया.



असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद लोकसभा सीट से लगातार पांचवीं बार सासंद चुने गए हैं. असदुद्दीन ओवैसी को इस बार कुल छह लाख 61 हजार 981 वोट मिले. उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी बीजेपी की माधवी लता को तीन लाख 23 हजार 894 वोट ही मिले. इस तरह उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार को तीन लाख 38 हजार 87 वोटों के विशाल अंतर से मात दी है. ओवैसी इस सीट से पहली बार 2004 में चुनाव जीते थे. इसके बाद उन्होंने 2009, 2014 और 2019 में भी जीत की थी.

### कांग्रेस के स्पीकर प्रत्याशी पर नहीं लगी टीएमसी की मुहर

**नई दिल्ली/एजेंसी**

लोकसभा में स्पीकर पद को लेकर कल चुनाव होगा। एनडीए ने ओम बिरला को एक बार फिर अपना स्पीकर प्रत्याशी बनाया है। वहीं, इंडिया ब्लॉक ने अपने 8 बार के सांसद और केरल कांग्रेस के नेता के सुरेश को मैदान में उतारा है। मंगलवार को कांग्रेस ने ऐलान किया कि के. सुरेश इंडिया ब्लॉक से स्पीकर का चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, इस ऐलान को लेकर अब इंडिया गठबंधन के अंदर ही आम सहमति बनती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

दरअसल, कांग्रेस की तरफ से के. सुरेश को इंडिया ब्लॉक का उम्मीदवार बनाए जाने पर तृणमूल कांग्रेस खफा हो गई है। टीएमसी का कहना है कि उम्मीदवारी का ऐलान करने से पहले टीएमसी से इस बारे में कोई सलाह नहीं ली गई। इसलिए के. सुरेश के नामांकन पर तीन बड़े दल तो साइन कर चुके हैं, लेकिन अब तक टीएमसी ने साइन नहीं किए हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस के इस तरह अकेले फैसला करने को लेकर टीएमसी नाराज चल रही है।


टीएमसी का कहना है,'लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार को मैदान में उतारने के बारे में टीएमसी से सलाह नहीं ली गई है। राहुल गांधी ने जो बयान दिया, उसके पहले इंडिया ब्लॉक के बीच कोई परामर्श नहीं किया गया है। इसके अलावा गठबंधन के बीच कोई सामूहिक निर्णय भी नहीं लिया गया है।'

### , अध्यादेश से मचा हड़कंप

## 'उम्रकैद, 1 करोड़ का जुर्माना...', पेपर लीक के खिलाफ योगी सरकार के सख्त तेवर

**लखनऊ/एजेंसी**

नीट और यूजीसी नेट पेपर लीक विवाद के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पेपर लीक और न×कल माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए बड़ा फैसला लिया है. मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में पेपर लीक के खिलाफ अध्यादेश के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई. इस अध्यादेश के लागू होते ही न×कल माफियाओं पर कार्रवाई में और तेजी देखने को मिलेगी. दरअसल पेपर लीक मामलों से सरकार के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है. एक तरफ युवाओं में नाराजगी है तो दूसरी तरफ विपक्ष ने भी इस मामले को लेकर जोरदार हमला जारी रखा है.




इसको देखते हुए योगी सरकार ने जिस तरफ माफिया, अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाई थी; वैसी ही कार्रवाई अब नकल-पेपर लीक और सॉल्वर गैंग से जुड़े लोगों पर होगी. अध्यादेश के तहत पेपर लीक में आरोपी पाए जाने पर दो साल से लेकर उम्रकैद की सजा का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा एक करोड़ का जुर्माना भी देना पड़ेगा. आज हुई बैठक में पेपर लीक से जुड़े प्रस्तावों पर मुहर लगी. गौरतलब है कि पिछले दिनों ही मुख्यमंत्री की तरफ से पेपर लीक को लेकर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए थे.

पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून, सरकार कई दिन से कर रही थी तैयारी

×फरवरी में यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा और उससे पहले आरओ और एआरओ का पेपर लीक हुआ था. तभी से यह संकेत मिलने लगे थे कि सरकार जल्द ही पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लेकर आ सकती है. अब अध्यादेश के जरिए सरकार पेपर लीक के खिलाफ नया कानून लेकर आ रही है.



# 'न्यू इंडिया' को 'स्वस्थ भारत' में बदलेंगे आयुर्वेद और योग

आयुष उन चिकित्सा प्रणालियों का संक्षिप्त रूप है जिनका भारत में अभ्यास किया जा रहा है, जैसे आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी। स्वास्थ्य, रोग और उपचार पर इन सभी प्रणालियों का मूल दृष्टिकोण समग्र है। आयुष, स्वास्थ्य सेवाओं की बहुलवादी और एकीकृत योजना का प्रतिनिधित्व करता है। आयुष अपने नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा देखभाल प्रदान करके 'न्यू इंडिया' के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'न्यू इंडिया' को 'स्वस्थ भारत' भी होना चाहिए, जहां उसकी अपनी पारंपरिक प्रणालियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन जामनगर (गुजरात) दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए पहला और एकमात्र वैश्विक चौकी केंद्र होगा।

आयुर्वेद और योग ने प्राचीन भारतीय विज्ञान के रूप में 5000 साल पहले अपनी यात्रा शुरू की थी। जबकि सिद्ध दक्षिण भारत में लोकप्रिय दवाओं की प्राचीन प्रणालियों में से एक है, यूनानी, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली की उत्पत्ति प्राचीन ग्रीस में हुई है। होम्योपैथी का विकास 1800 के दशक की शुरुआत में जर्मन चिकित्सक सैमुअल हैनिमैन ने किया था। इन प्रणालियों ने वर्षों से लोगों के निरंतर संरक्षण का आनंद लिया है। आयुर्वेद सहित भारत की अधिकांश पारंपरिक प्रणालियों की जड़ें लोक चिकित्सा में हैं। आयुर्वेद पर कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथ जैसे कि सारंगधारा संहिता और वांगा सेन द्वारा चिकित्सा संग्रह, यागरात बाजार और भवमिस्र के भावप्रकाश को संकलित किया गया था। योग अनिवार्य रूप से आध्यात्मिक है और यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। चिकित्सा की यूनानी प्रणाली की उत्पत्ति ग्रीस में हुई, फिर मध्यकालीन भारत में मिस्र, अरब, ईरान, चीन, सीरिया और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं के पारंपरिक ज्ञान का विलय हुआ। यह स्वाभाविक रूप से होने वाली ज्यादातर हर्बल दवाओं और जानवरों, समुद्री और खनिज मूल की कुछ दवाओं के उपयोग पर जोर देती है। दारा शिकोह को समर्पित नूरुद्दीन मुहम्मद की मुसलजती-दर्शीकोही, ग्रीक चिकित्सा से संबंधित है और अंत में, लगभग संपूर्ण आयुर्वेदिक सामग्री औषधि है। सिद्धा भारत में चिकित्सा की प्राचीन प्रणालियों में से एक है जिसका द्रविड़ संस्कृति के साथ घनिष्ठ संबंध है। सिद्ध शब्द का अर्थ है उपलब्धियां और सिद्ध वे हैं जिन्होंने चिकित्सा में पूर्णता प्राप्त की है।

कहा जाता है कि 18 सिद्धारों ने योगदान दिया है। सोवा रिग्पा या आमची हिमालयी क्षेत्र में लोकप्रिय चिकित्सा की सबसे पुरानी जीवित प्रणालियों में से एक है। इसे 2009 में जोड़ा गया था। यह हिमालयी क्षेत्रों में विशेष रूप से लेह और लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, दार्जिलिंग आदि में प्रचलित है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, गठिया आदि जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में प्रभावी है। समकालीन समय में भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग नामक एक विभाग मार्च 1995 में बनाया गया था और नवंबर 2003 में आयुष का नाम बदलकर इन प्रणालियों के विकास पर अधिक ध्यान देने पर ध्यान दिया गया था। 2014 में, भारत की केंद्र सरकार के तहत एक अलग मंत्रालय बनाया गया था, जिसके प्रमुख राज्यमंत्री होते हैं। आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कार्यालय द्वारा गैर-मूल आविष्कारों पर पेटेंट के अनुदान को रोकने के लिए सीएसआईआर के सहयोग से टीकेडीएल (पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी) का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय आयुष मिशन में पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों में आयुष का सह-स्थान, अस्पतालों का उन्नयन और 50 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना शामिल है। कुपोषित होने की तुलना में गैर-संचारी रोग बड़ी समस्या बन सकते हैं। आधुनिक चिकित्सा के विपरीत, आयुष केवल बीमारी के इलाज पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिक समग्र दृष्टिकोण का पालन करता है। इस तरह का दृष्टिकोण गैर-संचारी रोगों के मामले में अधिक महत्व रखता है, जो एक बार पुरानी स्थिति में विकसित हो जाने के बाद इलाज करना मुश्किल होता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, चिकित्सा की वैकल्पिक प्रणालियों, विशेष रूप से योग के स्वास्थ्य प्रभाव के बारे में अधिक से अधिक वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध हो रहे हैं। यह संदेह से परे साबित हो चुका है कि वैकल्पिक दवाओं के साथ प्री-डायबिटीज और प्री-हाइपरटेंसिव स्थितियों में समय पर हस्तक्षेप से बीमारियों का प्रतिगमन और स्वास्थ्य की बहाली हो सकती है। योग न केवल रोकथाम और नियंत्रण में बल्कि रोगों के उपचार में भी प्रभावी है। आज पूरी दुनिया स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपना रही है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर, आयुष मंत्रालय ने श्वसन स्वास्थ्य के विशेष संदर्भ में निवारक स्वास्थ्य उपायों और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कुछ स्व-देखभाल दिशानिर्देशों की सिफारिश की। ये आयुर्वेदिक साहित्य और वैज्ञानिक प्रकाशनों द्वारा समर्थित हैं। आयुष मंत्रालय की पहल के बाद कई राज्य सरकारों ने भी प्रतिरक्षा और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पारंपरिक चिकित्सा समाधानों पर स्वास्थ्य सलाह का पालन किया, जो विशेष रूप से कोव की पृष्ठभूमि के खिलाफ प्रासंगिक हैं। आयुष दवाओं और पद्धतियों की सुरक्षा और प्रभावकारिता के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से आयुष क्षेत्र में क्षमता निर्माण और सक्षम पेशेवरों के महत्वपूर्ण समूह को विकसित करने की दिशा में काम करना, पारंपरिक और आधुनिक प्रणालियों का सच्चा एकीकरण समय की आवश्यकता है।

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिए कौन जिम्मेदार?



ललित गर्ग



कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है। यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं। चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। और हमारा नेतृत्व गौरवशाली परम्परा, विकास और हर प्रदूषण खतरों से मुकाबला करने के लिए तैयार है, का नारा देकर अपनी नेकनीयत का बखान करते रहते हैं। पर उनकी नेकनीयती की वास्तविकता किसी से भी छिपी नहीं है, देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं।

# एमएसपी घोषणा से दलहन-तिलहन में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

केन्द्र सरकार की खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा से दलहन और तिलहन के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जाना चाहिए। देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन पिछले सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है पर अभी भी देश दलहन और तिलहन के क्षेत्र में घरेलू जरूरत पूरी होने जितना उत्पादन हो नहीं पा रहा है। हालांकि अब धीरे-धीरे दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़ने लगा है और केन्द्र सरकार 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश की विदेशी निर्यात पर पूरी निर्भरता कम होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। केन्द्र सरकार की आगामी खरीफ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा से यह साफ हो जाता है कि सरकार दलहन और तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सही व योजनावद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्मनिर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा। देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं वे निश्चित रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी-दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन-तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी नाइजरसीड यानी कि राम तिल पर की गई है तो दालों में अरहर/तुअर की दाल के एमएसपी में भी 550 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। वैसे सरकार द्वारा खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय और किसानों को प्रोत्साहित करने वाली बढ़ोतरी की है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा के पीछे उद्देश्य यह रहा है कि किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके। देश में पहली बार 1966-67 में केवल गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। एक अगस्त, 1964 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। इसके बाद सरकारों ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है।

नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह हरियाणा सरकार भी सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है।

एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फार्मूला सुझाया था कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। हांलाकि सरकार का दावा है कि खरीफ 2024 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2018-19 की बजट घोषणा के अनुरूप अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय किया गया है। सरकारी दावों की बात की जाए तो बाजरा की उत्पादन लागत पर 77 प्रतिशत तो तूअर पर 59 प्रतिशत, मक्का पर 54 प्रतिशत, उड़द पर 52 प्रतिशत तो बाकी अन्य फसलों पर भी उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत मार्जिन होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

दरअसल देश में तिलहन और दलहन उत्पादन के लिए सरकारें गंभीर रही हैं। 1986 में सैम पित्रोदा की अध्यक्षता में टीएमओ यानी कि तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन का गठन किया गया था। इस मिशन के माध्यम से देश में तिलहनों के उत्पादन को बढ़ाना था। राजस्थान सहित देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के समन्वित प्रयास किए गए। राजस्थान में तो सहकारी क्षेत्र में तेल मिलें भी लगाई गई और तिलहन सोसाइटियां गठित कर उनका संघ भी बनाया गया। तेल मिलों का संचालन भी इसी संघ को दिया गया पर कालांतर में तिलम संघ की तेल मिलें तो बंद हो गई वहीं तिलम संघ अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए आज भी जूझ रहा है। कमोबेश यही स्थिति अन्य प्रदेशों में भी रही है।

# मादक पदार्थों के सेवन से जीवन शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व नैतिक हानि का शिकार होता है



किशन सनमुखदास

भा वैश्विक स्तरपर नशाखोरी जिसमें इसके अनेक किस्म व प्रकार हैं, इससे सारी दुनियां का हर देश पीड़ित है जो अपने-अपने स्तर पर रणनीतिक कानून नियम विनियम बनाकर निपटने की पूरी पूरी कोशिश करते रहे हैं। नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए सबसे अधिक जरूरत मानवीय जीव को जन जागृत करने की जरूरत है, इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 26 जून को अंतर्राष्ट्रीयनशा निरोधक दिवस घोषित किया है, जो पूरी दुनियां में अपने-अपने तरीके से नशे को समाप्त करने जन जागरण शिविर चलाकर मनाया जाता है। भारत में तो 272 जिलों को चिन्हित कर 2020 से ही नशे के खिलाफ सतत अभियान चलाया जाता है, परंतु उसके बाद भी अभी दो दिन पूर्व तमिलनाडु के तमिलनाडु केकल्लाकुरिची करुणपुरम इलाके में अवैध शराब सेवन से 58 लोगों की मौत व 156 से अधिक लोगों की हालत गंभीर है, जिसको रेखांकित करना जरूरी है, क्योंकि 272 चिन्हित जिलों निराशा निरोधक के लिए सतत अभियान चलाने के बाद भी ऐसी जघन्य घटनाएं होती है तो गंभीर बात है। मेरा मानना है कि ऐसी विभीषण अवैध शराब सेवन से मृत्यु की जवाबदेही स्थानीय नारकोटिक्स विभाग व पुलिस की है, क्योंकि मेरा मानना है कि अवैध शराब भट्टी सेटिंग के बिना नहीं चल सकती। मैं अपनी राईस सिटी गोंदिया में भी कुछजानकारी के माध्यम से सटीकता से पाया हूं कि अवैध शराब का धंधा सेटिंग से ही होता है। मैंने ऐसे दो व्यक्तियों से बातचीत की जिन्होंने अब अवैध शराब का धंधा छोड़ दिया है, व दूसरे व्यवसाय कर रहे हैं मेरा मानना है कि यह स्थिति भारत के हर जिले में होगी जिसका संज्ञान लेकर केंद्र व राज्य सरकार आपसी सहयोग से सख्त बुलडोजर रूबी कार्रवाई करेंगे तो तमिलनाडु शराब कांड जैसी जगन्य घटनाएं दोबारा नहीं होगी।

हालांकि यह अलग बात है कि इसके पूर्व भी ऐसी घटना हुई थी वह अनेकों लोग मारे गए थे। चूंकि 26 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मादक पदार्थों के सेवन से मानवीय जीव शारीरिक मानसिक आर्थिक व नैतिक हानि का शिकार हो जाता है।

साथियों बात अगर हम 26 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की करें तोहर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। नशीली वस्तुओं और पदार्थों के निवारण के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को यह प्रस्ताव पारित किया था और तभी से हर साल लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इसे मनाया जाता है। नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है। शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज फुटपाथ और रेल्वे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं।लोग सोचते हैं कि वो बच्चें कैसे नशा कर सकते है जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता। परंतु नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थो की ही जरुरत नहीं होती, बल्कि, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं। नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि अब व-यक-ति मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए जुर्म भी कर सकता है। नशे के मामले में महिलाएं भी पीछे नहीं है। महिलाओं द्वारा भी मादक पदार्थों का बहुत अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव, प्रेम संबंध, दांपत्य जीवन व तलाक आदि कारण, महिलाओं में नशे की बढ़ती लत के लिए जिम्मेदार है। नशे से हानियां-(1)मादक पदार्थों के सेवन से सबसे बड़ी हानि, स्वास्थ्य की हानि है। इससे आपके शरीर के कई अंगों पर एक साथ विपरीत असर पड़ता है। खास तौर से यह आपके दिमाग को भी अपनी चपेट में ले लेता है। (2) नशा करने वाला व्यक्ति हमेशा चिढ़ा हुआ और मानसिक तनाव से ग्रसित होता है। (3) नशा करने वाला व्यक्ति सदैव अपने ख्यालों में ही रहता है, उसे अपने आस-पास के माहौल से ज्यादा मतलब नहीं होता है। (4) नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक सभी से कमजोर होता है। (5) नशा करने वाला व्यक्ति अपने समाज एवं परिवार से बिलकुल दूर हो जाता है। (6) नशा करने वाला व्यक्ति सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं का शिकार होता है। यह जरुरी नहीं है कि नशा सिर्फ मादक पदार्थों का सेवन कर ही किया जाए, नशा किसी भी प्रकार का हो सकता है। केवल आपकी जानकारी के लिए जानिए नशे के विभिन्न प्रकार -(1) मादक पदार्थों का सेवन - मादक पदार्थों के सेवन में शराब, सिगरेट, ड्रग्स, हेरोइन, गांजा, भांग आदि शामिल हैं। (2)अन्य - शोधकर्ताओं के अनुसार हर वह चीज जो आपको जिसकी आपको लत लग जाए, नशे की श्रेणी में ही आता है। ऐसी ही कुछ आदतें हैं जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता है जैसे - मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे- विडियो गेम्स, स्मार्ट फोन, फेसबुक आदि का ज्यादा मात्रा में उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते है।

साथियों बात कर हम तमिलनाडु में अवैध शराब सेवन कांड की करें तो, तमिलनाडु के कल्लाकुरिची करुणापुरम इलाके में अवैध शराब के सेवन से बीमार होने वाले लोगों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। अवैध शराब के सेवन के चलते 24 जून दोपहर 12 बजे तक 58 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 156 लोगों की हालत गंभीर है, उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इस त्रासदी के कारण जहां दिन-ब-दिन बढ़ती मौतों की खबर ने सभी को काफी दुखी कर दिया है। जहरीली शराब के कारण इलाके की 44 महिलाओं ने अपने पतियों को खो दिया है। यह जानकारी समाज कल्याण एवं महिला अधिकार विभाग की ओर से 23 जून तक कराए गए सर्वे में सामने आई है। इस जहरीली शराब ने उन 44 परिवारों की जड़ें पूरी तरह से हिलाकर रख दी हैं,जो पति-पत्नी और बच्चों के रूप में हंसी-खुशी रह रहे थे, उनमें से 20 से 40 साल की उम्र की 19 महिलाएं, 40 साल से अधिक उम्र की 24 महिलाएं और 11 महीने के शिशु वाली एक महिला ने अपने पति को खो दिया। जब एक टीवी चैनल के ग्राउंड रिपोर्टिंग में संवाददाता ने कल्लाकुरिची में एक इलाके का निरीक्षण किया तो वे दंग रह गये। उन्होंने एक बेबस महिला को देखा जिसने अभी-अभी अपने पति को खोया है। संवाददाता ने देखा कि महिला अपने बच्चे को गोद में लिए काफी रोए जा रही थी। महिला ने संवाददाता से कहा कि पति की जहरीली शराब पीने के कारण मौत हो गई है, अभी तो वे जवान ही थे। महिला की बात सुनकर संवाददाता ने उसे धैर्य दिया और सरकार से महिला की मदद करने की अपील की।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान अभियान की करें तो भारत में तम्बाकू के उपयोग से बहुत से रोग पैदा होते हैं और इसके इस्तेमाल से व्यक्ति मृत्यु की कगार तक पहुंच सकता है। देश में हर साल लगभग 1.35 मिलियन मौतें तम्बाकू के कारण होती हैं। भारत तम्बाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक भी है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (जीवाईटीएस) 2019 के अनुसार, देश भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 प्रतिशत स्कूली छात्र विभिन्न रूपों में तम्बाकू का सेवन करते पाये गये हैं।

हमारे स्कूल भवनों और परिसरों के आसपास तम्बाकू उत्पादों की विभिन्न रूपों में आसान पहुँच को उपरोक्त स्थिति पैदा करने वाले प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंग के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नाबालिगों और युवाओं को तम्बाकू के सेवन से बचाने के लिए शिक्षा संस्थानों को तम्बाकू रहित बनाने के लिए तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान दिशानिर्देश जारी किए हैं। तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थानों के मिशन को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों और आस-पास के क्षेत्र में निम्नलिखित गतिविधियां शुरू करने की सलाह दी है। इस संबंध में तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान कार्यान्वयन मैनुअल के अनुसार तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थानों के दिशानिर्देशों का उचित तरीके से अनुपालन करने के लिए एक विस्तृत सलाह जारी की गई है,शिक्षा संस्थान के परिसर में अधिकृत व्यक्ति के आदेश के उल्लेख के साथ तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का साइनेज प्रदर्शित करें। शिक्षा संस्थान के प्रवेश द्वार/चहार-दीवारी पर अधिकृत व्यक्ति के आदेश के उल्लेख के साथ तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान का साइनेज प्रदर्शित करें।परिसर के अंदर सिगरेट/बीड़ी के टुकड़े या फेंके गए गुटखा/तम्बाकू पाउच, थूकने के स्थान जैसे तम्बाकू के उपयोग का कोई सबूत नहीं होना चाहिए। शिक्षा संस्थान के परिसर में तम्बाकू के नुकसान पर पोस्टर और अन्य जागरूकता सामग्री प्रदर्शित करना। शिक्षा संस्थानों में हर छह महीने में कम से कम एक तम्बाकू नियंत्रण गतिविधि का आयोजन करना। तम्बाकू मॉनिटर का नामांकन और उनके नाम, पदनाम और संपर्क नंबर साइनेज पर दर्शाए जाने चाहिए। शिक्षा संस्थानों की आचार संहिता में तम्बाकू उपयोग न करने संबंधी दिशा-निर्देशों को शामिल करना। शिक्षा संस्थान की चहार-दीवारी/बाड़ की बाहरी सीमा से 100 गज के क्षेत्र को चिह्नित करना। शिक्षा संस्थान के 100 गज के भीतर की दुकानों में किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचे जाएंगे। तम्बाकू मुक्त शिक्षा संस्थान के कार्यान्वयन मैनुअल के अनुलग्नक-III के अनुसार तम्बाकू के उपयोग के खिलाफ शपथ ली जाए। इसके अलावा उन्होंने नुक्कड़ नाटकों, वीडियो फिल्मों, गैर सरकारी संगठनों, संसाधन व्यक्तियों आदि द्वारा वार्ता के माध्यम से नशामुक्ति पर जागरूकता संदेश फैलाने में नागरिक समाज की भूमिका पर भी जोर दिया। तदनुसार, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई कि वे स्कूल प्रबंधन समिति की बैठकों, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा और विद्यांजलि-स्कूल स्वयंसेवी पहल के माध्यम से संसाधन व्यक्तियों, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों को शामिल करें, ताकि छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए तम्बाकू की रोकथाम और उपभोग के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके।

साथियों बात अगर हम भारत के 272 जिलों में 2020 से जारी नशा मुक्त भारत अभियान की करें तो, मंत्रालय द्वारा देश भर में नशा मुक्त भारत अभियान नाम से एक राष्ट्रव्यापी नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) 15 अगस्त 2020 को 272 चिन्हित जिलों में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य युवाओं में मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना था, जिसमें उच्च शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालय परिसरों, स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया गया और समुदाय तक पहुँचकर अभियान में सामुदायिक भागीदारी और स्वामित्व प्राप्त करना शामिल था।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस 26 जून 2024-तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान अभियान शुरू मादक पदार्थों के सेवन से मानवीय जीव शारीरिक,मानसिक आर्थिक व नैतिक हानि काशिकार हो जाता है। तमिलनाडु में नशाखोरी के दुष्परिणामों की त्रासदी के मंजर को रेखांकित करना होगा,जहां 58 मौतों व सैकड़ो की हालत गंभीर बनी हुई है।

**(लेखक कर विशेषज्ञ, स्तंभकार, एडवोकेट हैं।)**


## संक्षिप्त खबर

### जयपुर विकास प्राधिकरण ने दो स्थानों से सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमणों को हटाया



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-7 में ग्राम सिरसी में रोड़ पर सड़क सीमा में आ रहे कब्जा-अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया। जोन-9 में गोमती नगर द्वितीय सांगानेर में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बनाई जा रही अवैध दुकान को प्रारम्भिक स्तर पर पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-14 में ग्राम बिलवा चन्द्रवन के सामने रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा जोन-07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सिरसी रोड़ पर कब्जा-अतिक्रमण कर कन्टेनर डीपो लगाकर, पत्थर मलवा इत्यादि डालकर किये गये कब्जे-अतिक्रमण को आज जोन-07 के राजस्व व तकनीकी ।कर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-07 तस्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई जेडीए द्वारा जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गोमती नगर द्वितीय सांगानेर में अवैध रूप से बेसमेन्ट खोदकर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बनाई जा रही अवैध दुकान को आज जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से प्रारम्भिक स्तर पर ही ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई ।इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिलवा चन्द्रवन के सामने रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर थड़ी, छप्पर पोष इत्यादि लगाकर किये गये कब्जे-अतिक्रमण को आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

### नगर पालिका, सांगोद का फायरमैन 4 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की कोटा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये देवेन्द्र फायरमैन, नगर पालिका सांगोद, जिला कोटा को परिवादी से 4 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की कोटा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि नगर पालिका सांगोद क्षेत्र में हुये कार्यक्रम में एल.ई.डी. वॉल लगाने के कार्य के बकाया बिलों को पास करवाने की एवज में आरोपी देवेन्द्र फायरमैन, नगर पालिका सांगोद, जिला कोटा द्वारा स्वयं एवं अकाउंटेंट मुकेश के लिये 5 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस कल्याण मल मीणा के सुपरवीजन में एसीबी कोटा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर पुलिस निरीक्षक देशराज द्वारा मय टीम उप अधीक्षक पुलिस अनीष अहमद व अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी देवेन्द्र फायरमैन, नगर पालिका सांगोद, जिला कोटा को परिवादी से 4 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी जयपुर की उप महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३२स्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

### 14 वर्षीय बालिका की आकाशीय बिजली गिरने से मौत



**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** रुपवास थाना क्षेत्र के नगला सूपा गांव में खेत पर कार्य कर रही एक 14 वर्षीय लड़की की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नगला सूपा गांव में नीलम खेत पर काम कर रही थी। आसपास के खेतों में भी कई किसान काम कर रहे थे। अचानक तेज आवाज के साथ बिजली नीलम के ऊपर गिरी। जिससे आसपास काम कर रहे किसान सहम गए। जब उन्होंने देखा तो नीलम खेत में पड़ी थी। बिजली की आवाज सुनकर आसपास के किसान मौके पर इकट्ठे हो गए। कुछ देर में लड़की के परिजन भी मौके पर आ गए। जिसके बाद नीलम को रूपवास अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दलित परिवार ने न्याय के लिए एसपी और आईजी से लगाई गुहार

**चमकता राजस्थान, पहाड़ी (राजवीर सिंह)।** डीग के तिलकपुरीमन्ना के एक दलित परिवार के साथ में हुये बेहद दर्दनाक रूप से प्रताड़ित कर दबंगई से उसके घर में आग लगा दी और घर में उपस्थित महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व जातिसूचक शब्दों से बेइज्जती को लेकर महिला और उसके परिवार ने प्रशासन से न्याय की माँग की है ।लेकिन काफ़ी समय से दलित परिवार के लोगो को जान से मारने की धमकियाँ आ रही है उसको लेकर डीग पुलिस अधीक्षक व पुलिस महानिरीक्षक के पास ज्ञापन देने के पश्चात भी मुलाजिमों के गिरफ़्तार नहीं किया है।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की बड़ी कार्रवाई

# देवीराम मुल्लाका हत्याकांड में 3 साल से फरार दो अभियुक्तों को दबोचा

➲ एक को हरियाणा के पलवल व दूसरे को थाना खोह इलाके से पकड़ा



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कामां थाने के बहुचर्चित देवी राम मुल्लाका हत्याकांड में 3 साल से फरार चल रहे 25-25 हजार रुपए के दो इनामी अभियुक्तों को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। मामले में पूर्व में 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है, 13 अभियुक्त फरार चल रहे थे।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि विभिन्न मामलों में वांछित एवं अपराध जगत में सक्रिय बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के विभिन्न शहरों में भेजी गई एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम आसूचना संकलन कर लगातार कार्रवाई कर रही है।एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव के सुपरविजन एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हैड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम भरतपुर की ओर रवाना की गई है। टीम को सोमवार को सूचना मिली कि देवी राम हत्याकांड का एक आरोपी हरियाणा के पलवल और दूसरा थाना खोह जिला डीग के पसोपा इलाके में फरारी काट रहा है।इस सूचना पर एजीटीएफ द्वारा कामां एसएचओ मनीष शर्मा का सहयोग प्राप्त कर मंगलवार को इनामी अपराधी राम अवतार गुर्जर पुत्र रामप्रताप निवासी मुल्लाका को पलवल के आगरा चौक एवं दूसरे इनामी बबली गुर्जर पुत्र रामप्रताप निवासी मुल्लाका को थाना खोह क्षेत्र के पसोपा गांव से घेराबंदी कर दबोच लिया। दोनों आरोपियों को कामां पुलिस ने अपने मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

**यह है मामला**

गांव मुल्लाका निवासी रामवीर गुर्जर ने थाना कामां पर उनके गांव के ही चंद्रभान उर्फ चनुआ पुत्र शिवलाल वगैरा 20-25 व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर निकले उसके पिता देवी राम गुर्जर पर पुरानी रंजिश के चलते सरकारी अस्पताल व डाक बंगले के बीच लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया, मरा समझ कर हवाई फायर करते हुए गांव आ गए।यहां आकर बंदूक के कट्टे से गोपाल पुत्र जोहरी, कल्लु पुत्र जोहरी, शिवराम पुत्र जीतराम, घनश्याम पुत्र रज्जो एवं तीन बच्चों सचिन पुत्र राजू, क्षमा पुत्री रामनिवास और उमेश पुत्री कल्लु पर भी बंदूक व देशी कट्टे से फायर कर घायल कर दिया। गंभीर घायल उसके पिता देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले दम तोड़ दिया, बाकी घायलों का भरतपुर अस्पताल में इलाज चल रहा हैएडीजी एमएन ने बताया कि दोनों इनामी अभियुक्तों के बारे में आसूचना संकलन एवं गिरफ्तारी में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा की तकनीकी भूमिका रही। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना कामां से एसएचओ मनीष शर्मा व कांस्टेबल अमित कुमार ने सराहनीय योगदान दिया।

## अलवर पुलिस ने ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत दो नाबालिग सहित पांच को पकड़ा

**20 मोबाइल, 7 एटीएम कार्ड, एक एटीएम पीओएस मशीन तथा ठगी की रकम 9500 जब्त**



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/ अलवर (खलील कुरैशी)।** अलवर जिले में ऑनलाइन ठगी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत थाना नौगांवा, गोविंदगढ़ एवं लक्ष्मणगढ़ पुलिस की टीम ने साइबर फ्रॉड प्रभावित तीन स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर दो नाबालिगों को निरुद्ध किया है। मामले में तीन प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्तों से 20 मोबाइल, 7 एटीएम कार्ड, एक एटीएम पीओएस मशीन तथा ठगी की रकम 9500 रुपये जब्त किये है।एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि एसएचओ नौगांवां भूपेंद्र सिंह मय टीम द्वारा गांव जग्गूबास में दबिश देकर साइबर ठग मनीष जाटव पुत्र राजपाल (19) निवासी नगला चिरावन्डा को गिरफ्तार कर एक एंड्राइड मोबाइल जब्त किया है। दूसरी कार्रवाई एसएचओ गोविंदगढ़ मुकेश कुमार मय टीम द्वारा की गई। गांव तिलवाड़ा में दबिश देकर आरोपी शाहरुख मेव पुत्र नस्सर (27) को गिरफ्तार कर दो नाबालिगों को निरुद्ध किया गया। इनके पास से पुलिस ने 13 एंड्राइड व तीन कीपैड मोबाइल, 7 एटीएम कार्ड, एक एटीएम पीओएस मशीन और ठगी की रकम 9500 जब्त की है।इसी प्रकार एसएचओ लक्ष्मणगढ़ श्रीराम मीना मय टीम द्वारा गांव मौजपुर में दबिश देकर साइबर ठग आसिफ मेव पुत्र ईशा (24) निवासी फकीरों की डूंगरी आमेर रोड जयपुर को गिरफ्तार कर तीन एंड्राइड मोबाइल जब्त किए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी शातिर साइबर ठग है। उनके विरुद्ध पहले भी कई आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों ने सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर अपनी फेक प्रोफाइल बना रखी है। जिसके माध्यम से पेन पेंसिल का ऐड देकर नौकरी दिलाने, उत्तम गुणवत्ता के खिलौने व मोबाइल बेचने की पोस्ट कर एडवांस में पूरी रकम व डिलीवरी चार्ज प्राप्त कर ठगी करने, सेक्सटॉर्शन इत्यादि के द्वारा आम जन से ठगी किया करते थे।

## सेना अग्निवीर भर्ती 19 से 22 अगस्त तक




**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** राजस्थान के भरतपुर में 19 से 22 अगस्त तक सेना अग्निवीर भर्ती होने की जानकारी मिली है जिसमें भरतपुर, डीग, धौलपुर, अलवर, खैरथल, कोटपुतली-बहरोड जिले के लगभग 6 हजार अभ्यर्थियों के आने की सम्भावना है। भर्ती रैली में प्रतिदिन अलग-अलग तहसीलवार 700 से 800 अभ्यर्थियों को कॉल किया गया है जिन्हें प्रातः 3 बजे से एमएसजे खेल मैदान में प्रवेश दिया जाकर बार कोडिंग की जांच के बाद पुलिस परेड ग्राउण्ड में दौड एवं अन्य शारीरिक दक्षताओं की जांच के लिए अनुमत किया जायेगा। भर्ती रैली की तैयारियों के लिए जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक में पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, सेना भर्ती निदेशक कर्नल आलोक रंजन, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीना, अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, एसडीएम रवि कुमार, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं सेना भर्ती कार्यालय अलवर के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एएनएम से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार बोबासर गांव के खेतों से पकड़ा

**चमकता राजस्थान**

जयपुर/चुरु, !(खलील कुरैशी) 25 जून। चूरू महिला अत्याचार से संबंधित दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सरदारशहर सदर थाना पुलिस की टीम ने संविदा पर कार्यरत एएनएम से दुष्कर्म कर फरार हुए आरोपी को 3500 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा है, वही थाना साहवा पुलिस ने नाबालिग से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्त थाना स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल है।

**एएनएम से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार**

एसपी जय यादव ने बताया कि घटना 20 जून की है, थाना सुजानगढ़ सदर इलाका स्थित पीएचसी में संविदा पर कार्यरत एएनएम के साथ दुष्कर्म कर आरोपी पिंटू उर्फ पवन कुमार पुत्र फूलचंद (23) फरार हो गया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ दरजा राम के सुपरविजन एवं एसएचओ सुखराम चोटिया के नेतृत्व में विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया।गठित टीमों द्वारा आरोपी की तलाश में बडाबर, हेमासर, मलसीसर, रिंगण, रिडमलास, नेछवा, सीकर, जयपुर, झुंझुनू, चंडीगढ़ व शिमला तक प्राप्त हर लिंक, सूचनाओं, हजारों सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण, साइबर ब्रांच की तकनीकी एवं डीएसटी की सहायता के आधार पर करीब 3500 किलोमीटर तक पीछा कर हर संभावित स्थानों पर जगह-जगह दबिश दी।6 दिनों तक लगातार पीछा करते हुए मंगलवार को गांव बोबासर के खेतों में पैदल पीछा कर आरोपी पिंटू उर्फ पवन कुमार को पुलिस ने डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना सुजानगढ़ सदर के एएसआई तनसुख राम की विशेष भूमिका रही।मामले में आरोपी को भगाने में दो सरकारी शिक्षकों संपत निवासी हेमासर एवं नरेश कुमार निवासी रिडमलास जिला डीडवाना कुचामन ने सहयोग दिया वहीं एक छात्र नीरज उर्फ निकू (19) ने 3000 रुपये देकर फरारी काटने में सहयोग किया। इनके खिलाफ भी कार्रवाई जारी है।




**नाबालिक से गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार**

एसपी यादव ने बताया कि नाबालिग के अपहरण एवं गैंगरेप के मामले में थाना साहवा पर दर्ज मुकदमे में आरोपी राजेंद्र कुमार मेघवाल पुत्र इंद्राज (24) निवासी भाड़ंग थाना साहवा को गिरफ्तार किया गया है। थाना स्तर पर टॉप टेन में चयनित आरोपी पर 3000 रुपये का इनाम घोषित है।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल मीणा व सीओ तारानगर मीनाक्षी के सुपरविजन एवं एसएचओ अल्का बिश्नोई के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम के सदस्य कांस्टेबल मुकेश कुमार को मिली जानकारी पर गठित टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजेंद्र फरारी के दौरान लगातार अपने नंबर बदल रहा था। अब तक यह करीब 15 से 20 मोबाइल की सिम बदल चुका है तथा पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र में फरारी काटता फिर रहा था।

# फर्जी पुलिस अधिकारी बन साईबर फ्रॉड करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/चित्तौड़गढ़ (खलील कुरैशी)।** चित्तौड़गढ़ जिले में घटित अपराध पर दर्ज होने वाली एफआईआर ऑनलाईन होने पर साईबर धोखेबाज द्वारा ऑनलाइन एप्स के माध्यम से एफआईआर को डाउनलोड कर-के पुलिस अधिकारी बन फरियादी को मामले में अच्छी कार्रवाई का झांसा देकर साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को जिला साइबर सैल एवं सदर थाना चित्तौडगढ ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एमपी-यूपी बॉर्डर पर स्थित अस्तारी गांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने फर्जी मोबाईल सिम व फर्जी बैंक अकाउंट खुलवा रखे थे। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि ओछडी थाना सदर चित्तौड़गढ़ निवासी भैरुलाल लौहार ने सदर थाने पर दी एक लिखित रिपोर्ट में बताया कि उसके पुत्र विक्रम ने सदर थाने में एक परिवाद दर्ज करवाया था। उस परिवाद पर कार्रवाई के नाम पर अज्ञात मोबाईल नम्बर से फोन कर पुलिस अधिकारी व जनप्रतिनिधि के नाम लेकर अच्छी कार्रवाई कराने का झांसा देकर 10 हजार रुपये की मांग कर रहा था। वह उसके मोबाइल पर अनजान नम्बर से फोन कर बोला कि वह पुलिस अधिकारी एसपी कार्यालय चित्तौड़गढ़ से बोल रहा हैं। उनके द्वारा दर्ज परिवाद में कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं, जिसमें मुल्जिमों को अरेस्ट कर हवालात में डालने की बात कर खर्चा मांगने लगा, जिसके लिए लगातार फोन कर फोन पे नंबर पर पैसे डलवाने की बात कर रहा है। धोखेबाज ने स्वयं पुलिस का अनुसंधान अधिकारी बन अनुसंधान में मदद करने की भी बात कही। इसी तरह के कई मामले जिले में दर्ज कराई एफआईआर के फरियादियों से उसी अज्ञात नम्बर से फोन कर अच्छी कार्यवाही कराने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैंमामले की गम्भीरता को देखते हुए ऐसे साईबर धोखेबाज को पकड़ने के लिए एएसपी परबत सिंह एवं वृत्ताधिकारी चित्तौड़गढ़ तेजकुमार पाठक के निर्देशन में जिले की साईबर सैल एवं सदर थाने की एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी रुप से अनुसंन्धान करते हुए उक्त साईबर फ्रॉड की जानकारी जुटाई। उक्त धोखेबाज एमपी, यूपी बोर्डर के जिला निवाडी (एमपी) का होना पाया गया। जिस पर गठित टीम द्वारा उनके संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देकर एक साईबर धोखेबाज मध्यप्रदेश के निवाडी जिले के अस्तारी गांव निवासी 25 वर्षीय कौशल पुत्र नन्दकिशोर यादव को अस्तारी से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस जानकारी से पता चला कि पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने फर्जी मोबाईल सिम व फर्जी बैंक अकाउंट खुलवा रखे थे। अस्तारी गांव में कई लोग इस प्रकार के अपराध में लिप्त होकर उनके खिलाफ धोखाधड़ी के कई प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी स्वयं मामले का अनुसंधान अधिकारी बन अनुसंधान में मदद करने की बात भी करके फरियादियों से ठगी करता था।



**ऑनलाईन एफआईआर डाउनलॉड कर फरियादी को फोन कर ठगता था।**

### थाना लक्ष्मणगढ़ का कानिस्टेबल 7 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. सीकर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये रघुवीर कानिस्टेबल, पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर को परिवादी से 7 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की मिली कि उसके खिलाफ कोतवाली, हाथरस (उत्तरप्रदेश) में दर्ज प्रकरण में सकूनत तस्दीक करवाने की एवज में उ.प्र. पुलिस के मनोज हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना कोतवाली, हाथरस (उत्तरप्रदेश) एवं रघुवीर कानिस्टेबल, पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. सीकर इकाई के उप अधीक्षक पुलिस रविन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सुरेश चंद द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रघुवीर कानिस्टेबल, पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर को परिवादी से 7 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# मीसाबंदियों की पेंशन को लेकर भजनलाल सरकार गंभीर, जल्द पारित किया जाएगा कानून, इस फैसले के लिए सीएम का आभार: श्रवण सिंह बगड़ी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आपातकाल की बरसी पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। भाजपा कार्यालय में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने युवाओं को कांग्रेस के काले कारनामे बताए। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 25 जून 1975 के दिन ही तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आपातकाल' की घोषणा की थी। भाजपा आज इस दिन को भारतीय लोकतंत्र में काले दिवस के रूप में मना रही है। जब इंदिरा गांधी के चुनाव को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अवैध घोषित कर दिया था। जेपी आंदोलन अपने चरम पर था। तब इंदिरा गांधी ने बिना कैबिनेट की स्वीकृति लिए राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद से हस्ताक्षर करवाकर देश को जेल की कोठरी के रूप में बदल दिया। लोकतंत्र की हत्या करते हुए इंदिर गांधी ने सारे नेताओं को जेल में डाल दिया और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया। सभी के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था। लाखों लोगों को जेल में ठूंस दिया गया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक पर प्रतिबंध लगा दिया। इन सब के खिलाफ राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने बहुत बड़ा संघर्ष किया। इसके बाद चुनाव हुए और चुनाव में इंदिरा गांधी हार गई।



भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि आपातकाल के बाद चुनावों में जनता ने कांग्रेस को हरा दिया और जनता पार्टी की सरकार बनी। जनता पार्टी की सरकार ने संविधान में संशोधन किया। इसके बाद कोई आपातकाल नहीं लग सकता, कोई संविधान नहीं बदल सकता और कोई लोकतंत्र को हरा नहीं सकता। लेकिन आज के हालात देखो जिन लोगों ने लोकतंत्र की हत्या की, वो अब संविधान की पुस्तक को हाथ में लेकर घूम रहे हैं। आज का दिन लोकतंत्र के संघर्ष का दिन है। मैं उन सभी को प्रणाम करता हूं जिन्होंने उस दौर में इसमें संघर्ष किया था। उस दौर में कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। मीसा बंदियों की पेंशन को लेकर भजनलाल के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार कानून लाने की तैयारी में है। इसके बाद मीसाबंदियों को लगातार पेंशन मिलती रहेगी। किसी की भी पेंशन बंद नहीं की जा सकेगी। 19 महीने तक जो लोग जेल में रहे उन लोगों को लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान देने पर मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताता हूं।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नोहर सिंह जोधा ने कहा कि आज भी कांग्रेस दिखावा कर रही है और लोकतंत्र में जनता को गुमराह करने का काम कर ही है। कांग्रेसी नेताओं ने हाल ही लोकसभा चुनावों में भी देश की जनता को गुमराह किया और गरीब, आदिवासी और दलित लोगों को आरक्षण के नाम पर भ्रमित किया। कांग्रेसी नेता दोहरे चरित्र के लोग है।

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कहा कि पूरे देश भर में कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी के बारे में भ्रांतियां फैलाई। युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता आमजन के मध्य जाकर इन भ्रांतियों का जवाब कांग्रेस के काले इतिहास को बता कर देगा। देश का युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करता है। इस मौके पर जयपुर शहर के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए हुआ पूरी सब्जी का भंडारा



**चमकता राजस्थान/धौलपुर (रामदास तरुण)बाड़ी।** आज दिनांक :- 25 जून 2024 को मंगलवार को सदर बाजार के व्यापारी /दुकानदारों द्वारा इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए 8 मन आटे की पूड़ियां एवं तीन कुंटल आलू की सब्जी का विशाल भंडारा दोपहर 12:00 बजे से शाम के 5:00 बजे तक लगातार किया गया। इसके लिए प्रसादी पाने वाले भक्तों लोगों की लाइन लगाकर प्रसाद बांटा गया। प्रसाद वितरण में सदर बाजार के निवासी दुकानदार भाइयों बच्चों बुजुर्गों सभी का तन मन धन से भरपूर सहयोग मिला एवं इंद्र देवता से सभी ने प्रार्थना की के भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए बाड़ी के ऊपर आप मेहरबान हो जिससे गर्मी से राहत मिले। प्रसाद वितरण में दुकानदार भाई दिलीप बंसल कपड़े वाले का विशेष योगदान रहा उनकी मेहनत लगन से भंडारा संपन्न हुआ !उनकी देखरेख में यह सब कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं सहयोग के लिए रामनिवास बिजली वाले पिंकी सर्राफ, पवन सर्राफ, छूटका बीज वाले, बंटू ,राजू, मुकेश बर्तन वाले,रोहित मित्तल, सोनू बरई वाले, सुरेश बंसल रामकुमार चौधरी आदि सभी का सहयोग रहा।

### महासमिति अधिवेशन की समीक्षा बैठक बिजौली में आयोजित




**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय धौलपुर की अधिवेशन को लेकर समीक्षा बैठक उद्यम शाला बिजौली (बाडी) में आयोजित की गई।इस बैठक में संयोजक देवेश प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संबंधी आय व्यय की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में कार्यक्रम की सफलता पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही सुधार के विषयों पर भी चर्चा की गई। इस समीक्षा बैठक में सहसंयोजक जिलाध्यक्ष मोहन सिंह सिकरवार, जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, नवनीत प्रिय त्रिपाठी, ठाकुरदास बंसल, अशोक कुमार शर्मा, झब्बू लाल शर्मा, जीतेंद्र कंसाना, मधुसूदन शर्मा , गोविंद प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न समितियों के संयोजक उपस्थित रहे।

### अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ब्रजेश चंदौलिया ने बाड़ी गुरू की बगिया में अन्नपूर्णा रसोई का किया निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** । बाड़ी आज दिनांक :- 25मई 24 को अतिरिक्त संभागीय आयुक्त भरतपुर ब्रजेश चंदौलिया ने मंगलवार को शहर की गुरु की बगिया स्थिति अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने टोकन काउंटर भोजन की पाकशाला भंडार गृह सहित आस पास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रसोई में भोजन कर रहे !लाभार्थीयों से भोजन के बारे में गुणवत्ता एवं फीडबैक लिया तो लाभार्थीयो ने भोजन की क्वालिटी को अति उत्तम बताया आस पास की साफ-सफाई को देखकर अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र सिंह को धन्यवाद दिया! इस दौरान अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ब्रजेश चंदौलिया, तहसीलदार मौहम्मद हनीफ, अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र सिंह, सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा, सामुदायिक संगठक जोगेन्द्र सिंह मीणा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे ।

# बाड़ी उपखण्ड में जिला प्रशासन के द्वारा सुनीपुर गांव में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने की रात्रि चौपाल

चमकता राजस्थान धौलपुर( रामदासतरुण)

दिनांक :- 25 मई 24 को अतिरिक्त संभागीय आयुक्त भरतपुर बृजेश कुमार चंदोलिया एवं उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा बाड़ी ने मंगलवार को पंचायत समिति बाड़ी के गांव सुनीपुर में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। 38 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, उनको तुरंत प्रभाव से संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया!अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनकर सड़क, बिजली, स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पुरा गडरिया से लेकर कटी पाल तक मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त है! एवं दोनों तरफ पक्की नाली निर्माण करा कर सड़क बनवाई जाए, इस पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर भिजवाने हेतु



दिशा निर्देश दिये। 10 वर्षों से आंगनवाड़ी केंद्र की टूटी हुई बिल्डिंग को हटाबा कर नई बिल्डिंग बनवाने के दिशा निर्देश दिए! गांव के युवाओं, लाइब्रेरी खुलवाने। पशु चिकित्सालय, आबादी विस्तार, विद्यालय में अध्यापकों की लापरवाही से बच्चे इधर-उधर घूमते रहते हैं, पढ़ाई पर नहीं है,अध्यापकों का ध्यान, बच्चों का भविष्य हो रहा है! खराब, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने इस पर तुरंत प्रभाव से दाऊदयाल शर्मा उइड को दिशा निर्देश दिए, मैंन सड़क से विद्यालय तक सड़क की मरम्मत कराये जाने के मामले में प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये और इस दौरान। ग्राम पंचायत में विद्युत आपूर्ति नहीं होने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए विद्युत लाइन की तीव्र मरम्मत करा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए बिजली के खम्भों व ढीलों तारों को कसवाने के निर्देश दिए।

वहीं रात्रि चौपाल में नरेंद्र कुमार उऱढ बाड़ी ने ग्रामीणों को कानून व्यवस्था के बारे में बताते हुए कहा कि जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, थानों में आमजन की समस्याएं सुनी जा रही है! राजेश कुमार शर्मा सहायक विकास अधिकारी द्वारा बताया गया के वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु, नकसौदा ग्राम पंचायत में 2000 पेड़ लगाने का लक्ष्य है, 200 पेड़ विद्यालय परिसर सुनीपुर में लगाए जाएंगे!1000 पौधे चारागाह भूमि पर, 500 पौधे बिसिनिगिरि के बाबा के स्थान पर लगाए जाएंगे, पेड़ों के लिए गड्ढे नरेगा के द्वारा खुद बाये जाएंगे एवं ग्राम पंचायत द्वारा खाद और पानी की व्यवस्था की जाएगी, इस कार्यक्रम के मौके पर दाऊदयाल शर्मा सीबीओ, नरेंद्र कुमार डीएसपी बाड़ी, हनीफ मोहम्मद तहसीलदार बाड़ी, राजेश कुमार शर्मा सहायक विकास अधिकारी, नरेंद्र कुमार ई. ओ. नगरपालिका बाड़ी, अनीता मीणा सरपंच नकसौदा, सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव, गब्बर सिंह बीसीएमओ, ऐईएन देशराज गुर्जर जलदाय विभाग बाड़ी, जेईएन सुशील गुर्जर सिंचाई विभाग, एठ एम आर बिश्नोई विद्युत विभाग, जेईएन बृजेंद्र सिंह विद्युत विभाग, जेईएन अकरम खान विद्युत विभाग, बनवारी लाल अध्यापक, रतन सिंह सचिव, दिनेश कुमार सचिव ग्राम पंचायत नकसौदा, रामकेश मीणा, मोतीलाल ग्यासीराम, बच्चन सिंह, भरतसिंह, बत्तीलाल, पूरन देवी, ममता देवी, रश्मि मीणा, सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री अग्रवाल महिला मंडल एवं श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल पंचायती धर्मशाला बाडी में लगाया हीमोग्लोबिन जांच शिविर

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण)।** दिनांकः- 25 जून 24 को कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई! कार्यक्रम में पधारे अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग उमरेह वाले, महामंत्री हरिशंकर, सर्राफ एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मंगल, एवं डॉ. विमलेश बंसल रही। रामकुमार के द्वारा दिए गए उद्बोधन में बताया गया कि हमारा शरीर स्वस्थ तो होता है, लेकिन हीमोग्लोबिन कम होने की वजह से कमजोर होता है, एनर्जी कम रहती है! हमे हीमोग्लोबिन की जांच समय समय पर करानी चाहिए जिससे हम अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत रख सके! हरिशंकर के द्वारा भी शरीर को स्वस्थ रखने केलिए हीमोग्लोबिन का पूरा होने




के लिए कहा गया एवं सभी ने मिलकर कैंप को लगाने के लिए बहुत बहुत बधाई दी पैथकाइंड लैब दिल्ली के द्वारा हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाने का हमें ये अवसर प्राप्त हुआ।शिविर में लगभग 110 + सैंपल जांच के लिए लिये गए और इस शिविर में जिन लोगों का हीमोग्लोबिन कम रहेगा उनके लिए दवाईयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में उपस्थित अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरोज मंगल, महामंत्री डा. निरमा सिंघल, अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष सचिन बंसल, महामंत्री मंथन मित्तल और अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल की पूरी टीम उपस्थित रही।

### महासमिति अधिवेशन की समीक्षा बैठक बिजौली में आयोजित

**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय धौलपुर की अधिवेशन को लेकर समीक्षा बैठक उद्यम शाला बिजौली (बाडी) में आयोजित की गई। इस बैठक में संयोजक देवेश प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संबंधी आय व्यय की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में कार्यक्रम की सफलता पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही सुधार के विषयों पर भी चर्चा की गई। इस समीक्षा बैठक में सहसंयोजक जिलाध्यक्ष मोहन सिंह सिकरवार, जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, नवनीत प्रिय त्रिपाठी, ठाकुरदास बंसल, अशोक कुमार शर्मा, झब्बू लाल शर्मा, जीतेंद्र कंसाना, मधुसूदन शर्मा , गोविंद प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न समितियों के संयोजक उपस्थित रहे।

### विधायक रफीक खान ने आमागढ़ में सामुदायिक भवन, बोरिंग एवं बड़ी सिविर लाइन आदि मूलभूत सुविधाओं के लिए लिखा पत्र

- सम्बंधित विभागों को पत्र के माध्यम दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी)** आदर्शनगर विधानसभा के जनसेवक और लोकप्रिय एवं विकास पुरुष रफीक खान ने आदर्शनगर के वार्ड 84 के आमागढ़ स्थानीय निवासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के आभावों का जल्द ही निस्तारण कर जनकल्याण सुदृढ़ीकरण देंगे इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए एडवोकेट रशिद खान माहीगिर ने बताया कि आमागढ़ में सामुदायिक भवन में पानी की समस्या को देखते हुए एवं मुख्य सड़क पर सिविर की छोटी लाइन को बदल कर बड़ी लाइन डलवाने हेतु रशीद खान माहिगीर, फिरोज खान, र×फीक खान अध्यक्ष विकास समिति, अकबर कुरेशी , मोहम्मद अकबर के अनुरोध पर आदर्शनगर के जनकल्याणकारी विधायक र×फीक खान ने तुरंत सम्बंधित विभागों को पत्र लिखा तुरंन्त प्रभाव से कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया ।

# जियोमार्ट ने झारखंड के कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए जसकोलैम्प्फ और झारक्राफ्ट के साथ साझेदारी की



चमकता राजस्थान

**मुंबई।** रिलायंस रिटेल की ई-मार्केटप्लेस शाखा जियोमार्ट ने झारखंड के सरकारी एम्पोरियम 'जसकोलैम्प्फ' और झारखंड सरकार के उपक्रम 'झारक्राफ्ट' के साथ मिलकर छोटे विक्रेताओं, कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाने की घोषणा की है। इस साझेदारी से गुमला, सरायकेला, पलामू समेत झारखंड के कई कारीगर जियोमार्ट पर अपने उत्पाद बेच सकेंगे।

इस पहल से झारखंड के 10 हजार से अधिक कारीगरों और बुनकरों के जुड़ने की उम्मीद है। जियोमार्ट के ग्राहक अब लकड़ी के उत्पाद, बांस के उत्पाद, ढोकरा कलाकृतियाँ, टेराकोटा आइटम, लाख की चूड़ियाँ, कॉटन हैंडलूम, एप्लिक वर्क, जरदोजी वर्क, तसर हैंडलूम साड़ियाँ, पुरुषों की शर्ट, बिना सिले ड्रेस मटीरियल, हाथ से बने बैग, बेडशीट, पेंटिंग और होम डेकोर उत्पाद खरीद सकेंगे।

जसकोलैम्प्फ के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि यह सहयोग झारखंड के कारीगरों और बुनकरों को आगे बढ़ाएगा। झारक्राफ्ट के उप महाप्रबंधक अश्विनी सहाय ने कहा, ₹हम जियोमार्ट पर झारखंड के शिल्प को लॉन्च करने पर उत्साहित हैं।₹ जियोमार्ट अब तक 20 हजार से अधिक कारीगरों और बुनकरों को सशक्त कर चुका है और 10 राज्य सरकारों के एम्पोरियम के 3 लाख से अधिक उत्पाद बेचता है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मनोहरपुर नगरपालिका चेयरमैन सुनीता प्रजापत ने लाभार्थियों को पहली किश्त स्वीकृत होने पर चेक किये भेंट

# पीएम आवास योजना की नवी वर्षगांठ पर पहली किस्त 30000 रुपए की राशि की गई जारी

## पहली किश्त की राशि का चेक पाकर खिले पात्र लाभार्थियों के चेहरें

### पीएम नरेंद्र मोदी, सांसद राव राजेन्द्र सिंह, भाजपा नेता व पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल एवं चैयरमेन सुनीता प्रजापत का जताया आभार

चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर! (खलील कुरैशी)**। प्रधानमंत्री आवास योजना की नवी वर्षगांठ पर जयपुर ग्रामीण के शाहपुरा विधानसभा की नगर पालिका मनोहरपुर में स्वीकृत हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त 30000 रुपए की पहली किस्त जारी की गई। उल्लेखनीय है कि पात्र लाभार्थियों को चैयरमेन सुनीता प्रजापत ने अपने हाथों से स्वीकृत राशि का चेक भेंट किया इस दौरान पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी प्रत्येक उस परिवार को आवास दे रहे हैं जिसके पास स्वयं का रहने का घर नहीं है हमारे देश में गरीबों को अपना घर और अपनी छत उपलब्ध करवाने के लिए




भारत सरकार द्वारा योजना की शुरुआत की गयी है, ढटअ -ऋ जिसे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण कहा जाता है, भी ऐसी ही एक लाभकारी योजना है. इसके तहत भारत में रहने वाले गरीब और बेघर लोगों को आवास की सुविधा प्रदान करायी जाती है, इस योजना के तहत ग्रामीण लाभार्थियों की सूची जारी की जाती है, और इसमें अंकित सभी लाभार्थियों को अपना खुद का घर बनवाने के लिए सहायता राशि प्रदान की जाती है.गौरतलब है कि इससे पहले ढट आवास योजना को इंदिरा आवास योजना (क्अ ) के नाम से जाना जाता था, जिसे साल 1985 में शुरू किया गया था, इसी योजना को साल 2015 में बदलकर प्रधानमंत्री आवास योजना कर दिया गया, जिसे प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना ग्रामीण के नाम से जाना जाता है, ढट आवास योजना का ही एक भाग है, बशर्ते इसके तहत सिर्फ ग्रामीण इलाके के लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जाता है।

- **.प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सूची क्या है?**

प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नगरपालिका चेयरमैन सुनीता प्रजापत ने बताया कि देश के गरीब और बेघर लोगों को घर बनवाने के लिए सहायता राशि दी जाती है, और इस राशि की मदद से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक, खुद का घर बनवाने में सक्षम हो पाते हैं, इस योजना के द्वारा भारत के बेघर और गरीब नागरिकों को आवास देने का कार्य सरकार के द्वारा लगातार किया जा रहा हैजो लोग शहरों में रहते हैं, उनका नाम आवास की शहरी लाभार्थी सूची में जारी किया जाता है, इसके अलावा ग्रामीण अंचल के लोगों का नाम ग्रामीण सूची में जारी किया जाता है. अगर आप ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले नागरिक हैं, तो आप ग्रामीण आवास सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं. अब आपके सामने एक नया पेज खुल जाएगा, जहाँ आप कुछ डिटेल्स को डालकर इस पेज पर आप राज्य, ब्लॉक, स्कीम का नाम, जिले का नाम, इढछ नंबर, पंचायत, आदि जानकारियों को दर्ज करके आप लाभार्थी का विवरण सर्च कर सकते हैं.इसके अलावा अगर आप पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो आप अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र (CSC) पर विजिट कर सकते हैं,

- **इन पात्र लाभार्थियों को मिले पहली किश्त की राशि के चेक**

इस मौके पर मनोहरपुर नगरपालिका क्षेत्र निवासी मुली देवी, महताब बानों, खुर्शिदा बानों,सज्जन बानों को मनोहरपुर नगरपालिका चेयरमैन सुनीता प्रजापत, पार्षद वसीम कुरैशी एवं अन्य पार्षदगणों,गणमान्यजनों ने प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त की राशि के चेक वितरित किए पहली किस्त जारी होने पर लाभार्थी परिवारों के चेहरे पर खूशी के भाव झलक पड़े इसके साथ ही लाभार्थियों ने माननीय प्रधानमंत्री और जयपुर ग्रामीण सासद राव राजेंद्र सिंह और भाजपा नेता व पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल तथा मनोहरपुर नगरपालिका चेयरमैन सुनीता प्रजापत का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड नं. 150 जनता स्टोर मार्केट में स्थापित की गई झोला बैंक मशीन

- **क्यूआर कोड स्कैन कर 5 रूपये में प्राप्त कर सकते है झोला**




**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 जून।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बराड ने मंगलवार को वार्ड नं. 150 जनता स्टोर मार्केट में एक ओर नई पहल की। डिजायर फाउंडेशन के साथ मिलकर इस झोला बैंक मशीन को वार्ड नं. 150 जनता स्टोर मार्केट में स्थापित किया गया है जिसका उद्घघाटन मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बराड ने किया। उपायुक्त ने सभी दुकानदारों से समझाइश की कि पॉलिथीन का उपयोग ना कर थैले का उपयोग करें तथा झोला बैंक से झोला प्राप्त कर उसका उपयोग करें साथ ही अपने आस-पास के लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करें। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों को भी कपड़े के थैले वितरित किये।कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष, सीएसआई, एसआई मौजूद रहे।

### जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की खूशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** जयपुर ग्रामीण के नवनिर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इज़हार किया इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण के शाहपुरा कस्बे के देवन तिराहा स्थित एससी- एसटी महा संगठन के कार्यालय पर मंगलवार को जयपुर ग्रामीण से नवनिर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह को देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में सदस्य (सांसद पद) की शपथ लेने पर टीम आलोक बेनीवाल के मजबूत सिपाही और एससी-एसटी महा संगठन के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने अपने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की इसके ही साथ राजस्थान के कोटा से सांसद ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुनने पर भाजपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया इस दौरान भोलाराम धानका, बंशीधर वर्मा, सोहनलाल नैनावत व दामोदर वाल्मीकि ने कहां की जयपुर ग्रामीण के नवनिर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह को लोकसभा शपथ लेने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है इस किशन सिसोदिया, राजू सपेरा, दौरान सीताराम मेहरा, रतनलाल लाहोरा, हीरालाल धानका, प्रकाश चन्द्र धोबी, किशोर सिसोदिया,उमराव धोबी, रमेश नायक,राकेश धानका, जुगल किशोर नायक सहित लोग मौजूद थे

## 25 जून 1975 के आपातकाल के विरोध में मजबूती से डटें रहें लोकतंत्र प्रहरी, राष्ट्रभक्तों को दिल से सैल्यूट एवं कोटि-कोटि नमन : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान सरकार कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत के लोकतंत्र का अपमान करते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा 25 जून, 1975 को लागू किए गए आपात काल के विरोध में खड़े होने वाले लोकतंत्र के प्रहरी एवं समस्त राष्ट्रभक्तों को कोटि कोटि नमन। संविधान को बचाने की लड़ाई में आप सभी का दिया गया योग दान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में नागरिक अधिकारों को निलंबित कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे। 25 जून, 1975 को रात के अंधेरे में कांग्रेस की सरकार ने भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया था।उन्होंने कहा, डार्क डेज ऑ×फ इमरजेंसी हमें याद दिलाती है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया औरभारत के संविधान को कुचल दिया, जिसका हर भारतीय सम्मान करता है। देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। कांग्रेस की आपातकाल वाली मानसिकता आज भी नहीं गई है। आपातकाल के बंदी आज भी यातनाएं नहीं भूले हैं और ना कभी भूल पाएंगे। आपातकाल, एक ऐसा कालखंड जिसने केवल देश ही नहीं बल्कि इसके प्रत्येक नागरिक के सपनों को कुचल दिया था। ब्बतपुरा, किशनपुरा, रायपुरा गांव के रक्त वीरों ने शिविर में रक्तदान करके पुण्य लाभ रहे। कमाया। रक्त वीरों को सुमन ब्लड सेंटर मानसरोवर जयपुर टीम द्वारा प्रमाण पत्र व हेलमेट देकर सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि रक्तदान जीवनदान है सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष हरिनारायण मांड्या, थाना अधिकारी रामपाल शर्मा, सरपंच रामराज चौधरी, सरपंच दयाल सैनी, धर्मेंद्र चौधरी, हरिराम मांड्या, रामावतार चौधरी, मुकेश चौधरी, रामचंद्र यादव, राघवेंद्र शर्मा आदि शिविर में उपस्थित थे।

## भाटी के बयान पर राजेन्द्र राठौड़ का पलटवार, भाजपा में आते ही भाटी ज्ञानी हो गयें हैं

- **कस्वां इतने बड़े नेता नहीं कि उनका टिकट कटने से 5 सीट प्रभावित हों**

**चमकता राजस्थान। अलवर (का.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता देवीसिंह भाटी ने दो दिन पहले लोकसभा चुनाव में हार के लिए टिकट वितरण और राजेन्द्र राठौड़ को जिम्मेदार ठहराया था। मंगलवार को राजेन्द्र राठौड़ ने उनके बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वे ताजा-ताजा पार्टी में आए हैं। उनका यकायक ज्ञान बढ़ गया है। राहुल कस्वां अभी इतने बड़े नेता नहीं हैं कि उनका टिकट कटने मात्र से पांच-पांच सीट प्रभावित हों।राठौड़ ने मंगलवार को अलवर भाजपा कार्यालय में आयोजित आपातकाल और लोकतंत्र की हत्या कार्यक्रम में शिरकत की थी। उन्होंने कहा कि टिकट देना, नहीं देना संसदीय बोर्ड तय करता है। टिकट जिसे भी मिलता, वे उसके लिए काम करते। चाहे राहुल कस्वां हो या कोई और। बीजेपी ने कस्वां परिवार को 14 बार लोकसभा, विधानसभा, जिला प्रमुख और प्रधान का टिकट दिया। एक बार टिकट नहीं मिला और राहुल गांधी की गोद में जाकर बैठ गए।



- **राजनीति संभावनाओं का खेल:- राठौड़**

राठौड़ ने कहा कि राजनीति संभावना का खेल है। इस बार राजस्थान में सीट कम होने का कारण अलग है। कई बार नारों पर कुछ लोग विश्वास कर लेते हैं। जैसे इस बार आरक्षण और संविधान बदलने की झूठी बातें फैलाई गईं। किसान आंदोलन का पार्टी को कुछ नुकसान हुआ है। इन सब पर आलाकमान ने विश्लेषण किया है। संसदीय चुनाव में एक सीट का चुनाव अहम नहीं है।दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए हैं। वहीं, भजनलाल शर्मा जैसे संगठन के कार्यकर्ता को सीएम बना दिया।

### शहर में तीसरा कचरा पात्र रणजीत कॉलौनी में लगाया

## शहर की स्वच्छता में सहभागी बन रहा है समृद्ध भारत अभियान

चमकता राजस्थान


**भरतपुर (राजवीर सिंह)** समृद्ध भारत अभियान संस्था शहर के स्वच्छता अभियान में सहभागी बन रही है। जिसके तहत उत्तराखण्ड सरकार की तर्ज पर तैयार कराया गया तीसरा कचरा पात्र रणजीत गर कॉलौनी में जलदाय विभाग के पम्प हाउस के पास रखवाया गया। जिसका उद्घाटन संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने किया। इससे पहले दो कचरा पात्र कृष्णा नगर एवं राजेन्द्रनगर कॉलौनियों में रखवा चुके हैं।उदघाटन के अवसर पर संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा आधुनिक तकनीक पर आधारित विकसित किये गये



कचरा पात्रों की तर्ज पर भरतपुर में इसी प्रकार के कचरा पात्र शहर की कॉलौनियों में लगाये जा रहे हैं। जिसमें डाला हुआ कूडा कचारा पात्र के आस-पास नही विखरेगा तथा इसे कचरा गाडी में आसानी से अपलोड किया जा सकता है। चूँकि कचरापात्र चारो तरफ से लोहे की जाली से कवर्ड होने के कारण इसे पशु पक्षी नहीं फैलायेंगे जिससे कचरा पात्र के आस पास साफ सफाई रह सकेगी। उन्होंने कॉलौनी वासियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों का कूडा करकट कचरा पात्र में ही डाले। उन्होंने बताया कि इस तरह के कचरा पात्र शहर की अन्य कॉलौनियों में भी लगाये जायेगेंरणजीत गर कॉलौनी में जलदाय विभाग के पम्प हाउस के पास स्थापित कचरा पात्र के उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्रीय निवासी एवं उद्योगपति जगमोहन गोयल ने समृद्ध भारत अभियान संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहाँ कि संस्था शहर के विभिन्न कार्यक्रमों एवं जन समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य कर रही है ! कोलोनी में लगाया गया कचरा पात्र लगने से कचरा संग्रहण का कार्य बेहतर ढंग से हो सकेगा ! नगर निगम के कचरा पात्रों से जानवर कचरे को इसके आसपास कचरा बिखेर जाते है जिससे गंदगी नज़र आती है विशेषकर वर्षाकाल में बदबू आने लगती है ! उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी कॉलोनी वासी इसका उपयोग करेंगे और घर के कचरे को कचरा पात्र में ही डालेंगे ! इस अवसर पर सीडीपीओ कुम्हेर महेंद्र अवस्थी, संस्था के प्रभारी पुनीत गुप्ता, डॉ वीरेन्द्र अग्रवाल, डॉ ललित अग्रवाल, डॉ मेघराज सैनी, ओमवीर सिंह, सुनील बंसल, मनीष गुप्ता, जीतेंद्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, तरुण सिंघल, अनिल गर्ग, नरेन्द्र गुप्ता, विष्णु मित्तल, सहित कई दर्जन कोलोनी वासी उपस्थित थे !

## एक नजर

### पाकिस्तान में लुप्तप्राय फारसी तेंदुए का शिकार, सात आदिवासियों पर केस



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के डेरा बुगती जिले में एक लुप्तप्राय फारसी तेंदुए का शिकार करने के आरोप में पुलिस ने सात आदिवासियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डान समाचार पत्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिले के जैन इलाके में आदिवासियों ने अपने मवेशियों की रक्षा के लिए तेंदुए को मार डाला। डेरा बुगती के उपायुक्त इजाज खान ने कहा कि जिला प्रशासन ने वन्यजीव संरक्षण, संरक्षण, संरक्षण और प्रबंधन अधिनियम 2014 के तहत मामला दर्ज किया है और आदिवासियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने आदिवासियों को लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के बारे में शिक्षित करने के लिए वन्यजीव संगठनों द्वारा जागरुकता अभियान शुरू करने का भी आह्वान किया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने भी घटना का संज्ञान लिया है और अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वन्यजीव प्रेमी उमर वकास ने मारे गए तेंदुआ की पहचान फारसी तेंदुआ (पैंथेरा पार्डस तुलियाना) के रूप में की है। इस प्रजाति के तेंदुओं का आश्रय बलूचिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र सहित ईरानी पठार में है ।ये फारसी तेंदुए आमतौर पर 600 से 3,800 मीटर की ऊंचाई पर ऊबड़-खाबड़ खड्डों में रहते हैं।

### प्रधान की पत्नी का खेत में मिला लहूलुहान शव

**हरिद्वार।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुरड़ी में महिला का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक महिला का शव ग्राम प्रधान की पत्नी का बताया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने वन विभाग की टीम को भी मामले की सूचना दी है। पुलिस के मुताबिक शव को देखकर प्रथम द्दष्टया लग रहा है कि मृतक महिला पर पर किसी जंगली जानवर द्वारा हमला किया गया है। इस कारण वन विभाग को भी घटना की सूचना दी गई। मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंची।

### अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**देहरादून।** राजधानी देहरादून को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर में मलिन बस्तियों अतिक्रमण करने वालों के ऊपर कार्रवाई शुरू हो गयी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से बस्तियों का विस्तार कर सैकड़ों नए भवन बनाए गए हैं। वर्ष-2016 के बाद किए गए निर्माण नियमानुसार अवैध करार दिए गए हैं। इन्हीं मकानों को नगर निगम एमडीडीए प्रशासन और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में तोड़ा जा रहा है। पिछले दिनों भी शहर में इसी तरह की कार्यवाही की गई थी। राजपुर क्षेत्र के काठबंगला क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण तोड़ने की कार्यवाही शुरू की थी।

### लखनऊ के लोगों को कुकरैल नदी पुनर्जीवित कर देंगे : एलडीए उपाध्यक्ष



**लखनऊ।** कुकरैल नदी की जमीन को खाली कराने के अभियान में अकबर नगर में अवैध कब्जों को हटाने के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अबरार नगर और आदिल नगर का रुख किया है। एलडीए के उपाध्यक्ष डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को एक बयान देते हुए कहा कि एलडीए अपने अभियान के बाद कुकरैल नदी को पुनर्जीवित कर लखनऊ के लोगों को देगा। डा. इन्द्रमणि ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर कुकरैल नदी की जमीन को खाली कराया जा रहा है। नदी की जमीन पर बनाये गए अवैध मकानों का ध्वस्तीकरण किया गया। कुकरैल नदी की जमीन पर ही अकबर नगर बसाया गया था, उसे खाली कराया गया है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**जौनपुर।** बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर गांव से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक मजदूर की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बक्सा थाना क्षेत्र के उमरपुर शिवगुलामगंज निवासी मजदूर धीरू कुमार और कल्लू मंगलवार की सुबह दोनों बाइक से मजदूरी के कार्य से बदलापुर की तरफ जा रहे थे जैसे ही मिरशादपुर गांव से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-731 के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार कार ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में धीरू की मौके पर ही मौत हो गई और कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में कल्लू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने देखते ही उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची बदलापुर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

### मऊगंज के गोविंदलाल को मिली प्रथम 'पीएम श्री एयर एंबुलेंस' सुविधा

# आपातकाल में चिकित्सकीय सेवाओं के लिए एयर एम्बुलेंस उपयोगी: राजेंद्र शुक्ल




**भोपाल। एजेंसी**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार हर नागरिक को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चिकित्सा अधोसंरचना और चिकित्सकीय उन्नत तकनीक की व्यवस्था के साथ मैनपावर उपलब्धता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' आपातकाल में नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। आपात स्थिति में समय से उचित चिकित्सकीय सेवा की उपलब्धता से कई जिंदगियों का बचाव किया जा सकेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मऊगंज के गोविंदलाल तिवारी को गंभीर हार्ट अटैक की शिकायत में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिए एयर एम्बुलेंस सुविधा की आवश्यकता को संज्ञान में लिया। उन्होंने प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को सुविधाजनक रूप से सेवा मुहैया कराने के निर्देश दिये। वे इस विषय से जुड़े रहे ताकि मरीज और परिजनों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि मरीज के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग करते रहें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने गोविंदलाल तिवारी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उल्लेखनीय है कि पीएम श्री एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा का लाभ लेने वाले मऊगंज के गोविंदलाल तिवारी प्रदेश के प्रथम लाभार्थी हैं।

आयुष्मान कार्डधारी 50 वर्षीय गोविंदलाल तिवारी को एयर एंबुलेंस की सुविधा देकर उपचार के लिए रीवा से भोपाल रवाना किया गया। मऊगंज जिले के देवतालाब के समीप ग्राम जुड़मनिया मुरली निवासी श्री तिवारी को 23 जून की रात हृदय में पीड़ा हुई। उन्हें गंभीर हार्टअटैक हुआ। प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ। अपेक्षानुरूप सुधार न मिलने पर डॉक्टरों ने श्री तिवारी को भोपाल के लिए रेफर किया। श्री तिवारी को एयर एंबुलेंस के माध्यम से शाम 7 बजे भोपाल के लिए रवाना किया गया। उनके साथ में दो परिजन भी भोपाल गए हैं।

गंभीर रोगी गोविंदलाल तिवारी की बहन सुनीता देवी ने बताया कि मेरे भाई को पिछली रात हार्टअटैक हुआ। प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यवस्था की गयी। बिना किसी खर्च के हम उपचार के लिए अपने भाई को भोपाल तत्काल ले जा पा रहे हैं। सुनीता देवी ने इस सुविधा के लिए मध्यप्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### उपचुनाव में राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा जीतेगी: महेन्द्र भट्ट

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्य की मंगलोर और बदरीनाथ विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जीत का दावा किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव में 26 जून को नाम वापसी के बाद पार्टी के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम दोनों क्षेत्रों में शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ सीट पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भरत सिंह रावत व अन्य विधायकों के साथ प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। वहीं गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी 3 जुलाई के बाद बदरीनाथ सीट पर मोर्चा संभालेंगे। कैबिनट मंत्री सौरभ बहुगुणा वहां 3 से 5 जुलाई तक दौरा करेंगे। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का भी कार्यक्रम लगेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी और केन्द्र से आने वाले प्रचारकों के कार्यक्रमों को लोकसभा प्रभारी अंतिम रूप दे रहे हैं।

## संकट लोकतंत्र पर नहीं, राहुल और गांधी परिवार पर है : डॉ. नरोत्तम मिश्रा



**भोपाल। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आपातकाल की 50 वीं बरसी पर मीसाबंदियों को सम्मानित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता संसद में संविधान की प्रति हाथ में लेकर पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और लोकतंत्र को बचाने का कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने झूठा प्रचार-प्रसार किया। हकीकत में कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन किया गया। जब 1975 में आज के दिन रात को 2 बजे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी उस समय सोनिया गांधी बहू के नाते वहां पर मौजूद थी। तब सोनिया गांधी ने संविधान बचाने की बात नहीं की,लेकिन पिछले कल जब संसद भवन पहुंचीं तो उनके हाथ में संविधान की प्रति थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व संविधान को कोई खतरा नहीं है। झूठा प्रचार-प्रसार जो कांग्रेस और उसके सहयोग दल कर रहे हैं हमें उसका सच बताना होगा।

कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं लोकतंत्र सेनानी संघ (मीसाबंदी) के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक ने भी संबोधित किया।

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की मशीन है। संकट संविधान और लोकतंत्र पर नहीं है,बल्कि राहुल और गांधी परिवार के साथ-साथ अपने परिवार को स्थापित करने वाले इंडी गठबंधन पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश के बेटों को स्थापित करने के लिए चुना और कांग्रेस -इंडी गठबंधन ने अपनों को स्थापित करने के लिए एक-दूसरे को चुना है।

पिछले तीन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने शासनकाल में किए गए विकास कार्यों का जिक्र नहीं किया सिर्फ आरक्षण,संविधान और लोकतंत्र खतरे में है इसको लेकर झूठा-प्रचार किया। तमिलनाडु में कांग्रेस की सरकार में 50 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब पीने से अकाल मौत हो गई,लेकिन एक भी इंडी गठबंधन का कोई नेता कुछ नहीं बोला।

### बांग्लादेश का कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां नहीं रहा

**ढाका।** बांग्लादेश का सबसे कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां 74 वर्ष की आयु में दुनिया को छोड़ गया। एक साल पहले ही उसे जेल से रिहा किया गया था। शाहजहां ने बांग्लादेश के सीरियल किलर, युद्ध अपराधों के दोषी विपक्षी नेताओं और तख्तापलट की साजिश रचने वालों को फांसी पर चढ़ा चुका है। जेल से रिहा होने के बाद शाहजहां ने 96 पन्नों की एक किताब भी लिखी। इसमें उसने जल्लाद के रूप में अपने अनुभव को साझा किया। यह किताब बांग्लादेश के सबसे बड़े पुस्तक मेले में बेस्ट सेलर रही। यह जानकारी बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में दी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बंगबंधु के छह हत्यारों सहित 26 दोषियों को फांसी देने वाले 74 वर्षीय जल्लाद शाहजहां भुइयां को 'जोलाड शाहजहां' के नाम से जाना जाता है। सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे राजधानी ढाका के शहीद सुहरावर्दी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। शेर-ए-बांग्ला नगर थाने के जांच अधिकारी सोजिब डे के अनुसार सीने में दर्द शुरू होने के बाद उसे सुबह करीब साढ़े तीन बजे इस अस्पताल में ले जाया गया था। शाहजहां भुइयां का जन्म 26 मार्च 1950 को हुआ था। उनके एक भाई और तीन बहनें थीं।

## लोकतंत्र सेनानियों की देश व संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को नमन : डॉ. मोहन



**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आपातकाल के कठिन काल में संवैधानिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपने और अपने परिवार की चिंता किए बिना संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों की देश के प्रति प्रतिबद्धता को नमन है। उनकी जीवटता के बल पर ही लोकतंत्र को देश में पुनर्स्थापित किया जा सका। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्री परिषद की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ मंत्रालय में आरंभ हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष का स्मरण करते हुए दिवंगत सेनानियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनी सरकार देश में सुशासन स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का लोकतंत्र विश्व में गौरवान्वित हो रहा है।

## विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे ब्रिटिश जेल से रिहा



**लंदन। एजेंसी**

विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया। विकीलीक्स ने सोमवार शाम लंदन के स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर जूलियन असांजे के फ्लाइट में सवार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। लंदन के समाचार पत्र द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में इस घटनाक्रम की विस्तार से चर्चा की है। सोमवार रात जारी अदालती दस्तावेजों के अनुसार, 52 वर्षीय असांजे अमेरिकी अदालत में अपनी आजादी के बदले में सैन्य रहस्यों को उजागर करने का दोष स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं। अमेरिकी के मारियाना द्वीप समूह की अदालत में दायर किए गए दस्तावेज के अनुसार, असांजे राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश के एक भी मामले में दोषी ठहराए जाएंगे। विकीलीक्स ने मंगलवार सुबह ब्रिटिश समयानुसार सूचित किया है कि 'जूलियन असांजे आजाद हैं' और उन्होंने ब्रिटेन छोड़ दिया है। उनके अमेरिकी क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह पहुंचने का अनुमान है।जूलियन असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कंप्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप था। ऑस्ट्रेलियाई मूल के असांजे ने सात साल तक लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण लेने के बाद पिछले पांच साल ब्रिटेन की जेल में बिताए।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला, पेपर लीक किया तो होगी उम्रकैद, एक करोड़ तक का लगेगा जुर्माना

- उप्र. सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश को योगी कैबिनेट की मंजूरी



**लखनऊ। एजेंसी**

योगी आदित्यनाथ की सरकार ने परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 को मंजूरी प्रदान की। इस अध्यादेश में पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ दो साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने के प्रावधान किए गए हैं। पेपर लीक अथवा अन्य कारणों से परीक्षा प्रभावित होने पर खर्च की भरपाई साल्वर गैंग से की जाएगी। परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली कंपनियों और सेवा प्रदाताओं को हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्रावधान किया गया है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक के फैसलों की जानकारी दी। खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी प्रदान की है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। वित्त मंत्री ने बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिपरिषद के द्वारा अध्यादेश के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है। इसके तहत यदि कोई संस्था या उससे जुड़े लोग पकड़े जाएंगे तो उन्हें 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है।

अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था भी इसमें सम्मिलित हैं। यह अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमितीकरण या पदोन्नति करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके अंतर्गत फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना इत्यादि दंडनीय अपराध बनाए गए हैं। अधिनियम के प्राविधानों के उल्लंघन पर अध्यादेश के अंतर्गत दोषियों को 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा, जबकि एक करोड़ रुपये के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है।

मंत्री खन्ना ने बताया कि यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार को सॉल्वर गिरोह से वसूलने तथा परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली संस्था तथा सेवा प्रदाताओं को सदैव के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्राविधान किया गया है। अधिनियम में अपराध की दशा में संपत्ति की कुर्की का भी प्रावधान किया गया है।

# प्रदेश भाजपा का ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केंद्र को बंद करने का फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण :- गहलोत

**चमकता राजस्थान**

### अशोक गहलोत की आंखों के सामने फिर एक और योजना हुई बंद



जयपुर! (खलील कुरैशी)भजनलाल सरकार पिछली कांग्रेस सरकार के कई फैसलों को लेकर रिव्यू करवा रही है तो कई योजनाओं को लगातार बंद भी कर रही है। बीते दिनों भी चिरंजीवी योजना को लेकर काफी बवाल हुआ। बीजेपी सरकार के इस फैसले को लेकर कांग्रेस लगातार भड़की हुई है। इधर, सरकार ने गहलोत सरकार की एक और योजना को बंद करने का फैसला किया है। इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत काफी नाराज नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार पर निशाना साधा। गहलोत ने सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी पुस्तकालय और संविधान केंद्र के बंद करने के निर्णय पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 'हमारी सरकार ने राजस्थान की सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र बनाने का फैसला किया था, जिससे राजस्थान में भी केरल जैसा लाइब्रेरी मूवमेंट चल सके और राजस्थान में बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग सभी वर्गों में ज्ञान का प्रसार हो सके, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस योजना को बन्द करने का फैसला किया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं अदूरदर्शी फैसला है। क्या राजस्थान के हर ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी खोले जाने से किसी को भी कैसे आपत्ति हो सकती है? मुख्यमंत्री भजनलाल को इस पर ध्यान देना चाहिए कि किस तरह सभी के हित और राजस्थान के भविष्य की योजनाओं को बन्द किया जा रहा है।' इधर, राजस्थानी गहलोत सरकार की चिरंजीवी योजना को लेकर पहले से ही विवाद गहराया हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गहलोत सरकार की चिरंजीवी योजना को केवल एक छलावा बताया। उन्होंने कहा कि 25 लाख का इलाज किसी का भी नहीं हुआ है, केवल एक केस में 13 लाख का इलाज हुआ है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि के प्रदेश सरकार ने छाती ठोकर बोला था, 25 लाख तक फी इलाज कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। बता दें कि भजनलाल सरकार की ओर से चिरंजीवी योजना को लेकर रिव्यु के लिए मंत्रियों की कमेटी बनाई। यह कमेटी इस योजना को लेकर रिव्यू कर रही है। इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट पूर्व बैठक में डॉक्टर एसोसिएशन ने इस योजना को सदी के सबसे असफल योजना करार दिया था।

# टी-20 विश्व कप : अफगानिस्तान की टीम ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश, ऑस्ट्रेलिया बाहर



## राशिद ने अफगानिस्तान को दिलाई मैच में वापसी

पावरप्ले के बाद अफगानी कप्तान राशिद खान ने पहले 48 के कुल स्कोर पर सौम्य सरकार (10) और फिर 65 के कुल स्कोर पर तौहीद हृदोय (64), उसके बाद महमुदुल्लाह (06) और रिशाद हुसौन (00) को आउट कर अफगानिस्तान को मैच में वापसी दिला दी। 11 ओवर की समाप्ति पर बांग्लादेश ने 80 रन पर 7 विकेट खो दिये।

**किंग्सटाउन। एजेंसी**

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए वर्षा से बाधित सुपर 8 मुकाबले में बांग्लादेश को 8 रन से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से बाहर हो गया है। वर्षा से बाधित मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 115 रन बनाए। अफगानिस्तान की पारी खत्म होने के साथ ही बारिश शुरू हो गई।

बारिश रुकने पर मैच शुरू हुआ और दूसरे ही ओवर में फजलहक फारुकी ने तंजीद हसन (00) को आउट कर बांग्लादेश की शुरूआत खराब कर दी। इसके बाद नवीन उल हक ने तीसरे ओवर में 23 के कुल स्कर पर दो लगातार गेंदों पर नजमुल हसन शांतो (05) और शाकिब अल हसन (00)को आउट कर बांग्लादेश को दोहरा झटका दिया। हालांकि इसके बाद फिर से बारिश शुरू हो गई। बारिश रुकने के बाद बांग्लादेश ने संभलकर खेलना शुरू किया और पावरप्ले में 3 विकेट पर 46 रन बना लिए।



### बांग्लादेश ने 20 ओवर में 5 विकेट पर बनाए 115 रन

इससे पहले इस रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, उनका फैसला उनके पक्ष में नहीं गया और वे स्कोरबोर्ड में रन जोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे।

**बारिश के कारण बांग्लादेश को मिला 19 ओवर में 114 रनों का संशोधित लक्ष्य**

इसके बाद फिर से बारिश शुरू हो गई और बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। मैच दोबारा शुरू होने पर गुलाबदीन नैब ने 92 के कुल स्कोर पर तंजीम हसन शाकिब को आउट कर बांग्लादेश को आठवां झटका दिया। हालांकि इस दौरान टिककर खेल रहे लिटन दास ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 105 के कुल स्कोर पर नवीन उल हक ने तस्कीन अहमद (02) को बोल्ड कर बांग्लादेश को नौवां झटका दिया। इसके बाद फिर से बारिश शुरू हो गई।

बारिश रुकने पर नवीन ने मुस्तफिजुर रहमान को एलबीडब्ल्यू को अफगानिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाते हुए टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। लिटन दास 49 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की बदौलत 54 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान और नवीन उल हक ने 4-4 व फजलहक फारूकी और गुलाबदीन नैब ने 1-1 विकेट लिया। राशिद खान को उनकी शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (55 गेंदों पर 43 रन, 3 चौके और 1 छक्का) और इब्राहिम जादरान (29 गेंदों पर 18 रन, 1 चौका) ने पहले विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा आखिरी में कप्तान राशिद खान ने 10 गेंदों पर तेज 19 रन जोड़कर अफगानिस्तान को 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 115 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट चटकाए और 26 रन दिए। मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद ने भी एक-एक विकेट हासिल किया।

## टी20 मैच में सबसे ज्यादा चार विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद खान



**किंग्सटाउन। एजेंसी**

अफगानिस्तान के स्पिनर और कप्तान राशिद खान ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। वह पुरुष टी 20 आई में सबसे अधिक बार चार विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए। राशिद ने यह उपलब्धि अर्नोस वेले ग्राउंड पर टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हासिल की। वर्तमान में, 25 वर्षीय राशिद के नाम टी20आई में नौ बार चार विकेट दर्ज हैं। बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन आठ बार चार विकेट लेने के साथ चार्ट में दूसरे स्थान पर हैं। युगांडा के हेनरी सेन्योंडो सात बार चार विकेट लेने के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में, राशिद ने चार विकेट लिए और अपने चार ओवर के स्पेल में 5.80 की इकॉनमी रेट से 23 रन दिए। उन्होंने सौम्य सरकार, तौहीद हृदय, महमूदुल्लाह और रिशाद हुसैन के विकेट लिए। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस जीतने के बाद राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रहमानुल्लाह गुरबाज (55 गेंदों पर 43 रन, 3 चौके और 1 छक्का) इब्राहिम जादरान (29 गेंदों पर 18 रन, 1 चौका) और राशिद खान (10 गेंदों पर 19* रन, 3 छक्के) ने अफगान टीम के लिए शानदार पारी खेली और टीम को 20 ओवर में 5 विकेट पर 115 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट चटकाए और 26 रन दिए। बारिश के कारण बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।

बांग्लादेश के लिए केवल लिटन दास (49 गेंदों पर 54* रन, 5 चौके और 1 छक्का) ही कुछ संघर्ष कर सके और नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। बांग्लादेश की टीम 17.5 ओवर में 105 रनों पर सिमट गई और 8 रन से मैच हार गई।

## एक नजर

### इटली, स्पेन अंतिम 16 में, क्रोएशिया बाहर



**बर्लिन।** मैटियास जाकाग्नि द्वारा अंतिम समय में किये गए गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन इटली ने क्रोएशिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर यूरो 2024 के अंतिम-16 चरण में प्रवेश किया, जबकि स्पेन ने सोमवार को ग्रुप बी के अंतिम दौर में अल्बानिया को 1-0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। क्रोएशिया ने आक्रामक शुरूआत की, क्योंकि उसे पता था कि केवल जीत से ही वह अंतिम 16 के दौर में पहुंच सकेगा। उसे गोल करने के कई मौके भी मिले, लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई। पहला हॉफ गोल रहित समाप्त हुआ। मध्यांतर के बाद क्रोएशिया ने एक बार फिर अच्छी शुरूआत की। मैच के 55 मिनट में लुका मोड्रिक ने गोल कर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इटली ने क्रोएशिया के गोल क्षेत्र पर आक्रमण शुरू कर दिया, क्योंकि उन्हें अगले दौर के लिए अपनी जगह पक्की करने के लिए कुछ और मौके की जरूरत थी। मैच के अतिरिक्त समय में मैटियास जाकाग्नि ने आखिरकार गोल कर इटली को 1-1 से बराबरी दिला दी।

### चेन्नईयिन एफसी ने गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ किया दो साल का करार



**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने आगामी 2024-25 सत्र से पहले युवा मणिपुरी गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ दो साल का करार किया है। एआईएफएफ एलीट अकादमी से निकले नवाज पहले मुंबई सिटी एफसी और एफसी गोवा का हिस्सा थे। उन्होंने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारतीय फुटबॉल में सबसे प्रतिभाशाली गोलकीपरों में से एक के रूप में ख्याति अर्जित की है। नवाज का आना चेन्नईयिन टीम में अन्य गोलकीपर समिक मित्रा और प्रतीक कुमार सिंह के साथ एक रोमांचक जुड़ाव है। 24 वर्षीय नवाज युवा ऊर्जा और असाधारण क्षमता लेकर आए हैं और उनसे आगामी सीजन में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है।

## भारतीय गोल्फर अदिति अशोक, दीक्षा डागर ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई





नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) द्वारा जारी योग्य महिलाओं की अंतिम सूची के अनुसार, भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। पिछले हफ़्ते केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप के बाद अंतिम रूप से तैयार की गई आईजीएफ की ओलंपिक योग्यता सूची में 60 महिलाएं शामिल हैं। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए पात्र हैं, जिसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फर शामिल हो सकते हैं। अदिति दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी हैं और दीक्षा दुनिया की 167वें नंबर की खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने क्रमशः 24वें और 40वें नंबर की ओलंपिक रैंक के साथ कट बनाया है। दोनों महिलाएँ शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) के साथ मिलकर चार सदस्यीय भारतीय टीम बनाती हैं पेरिस खेलों के लिए पुरुषों (1-4 अगस्त) और महिलाओं (7-10 अगस्त) की गोल्फ स्पर्द्धाएं सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स में ले गोल्फ नेशनल में आयोजित की जाएँगी।

अदिति के लिए यह ओलंपिक में तीसरी उपस्थिति होगी, जो किसी भारतीय के लिए सबसे अधिक है, दीक्षा दूसरी बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। शर्मा और भुल्लर पहली बार ग्रीष्मकालीन खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में, अदिति चौथे स्थान पर रही थीं, जो ग्रीष्मकालीन खेलों में किसी भारतीय गोल्फर द्वारा हासिल किया गया सर्वश्रेष्ठ परिणाम था। दीक्षा 50वें स्थान पर रहीं थीं। दीक्षा एकमात्र गोल्फ खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ओलंपिक और डेफलिंपिक दोनों में भाग लिया है, जहाँ वह दो बार पदक विजेता हैं।

## एआईएफएफ ने स्टिमक की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के पद से इगोर स्टिमक को हटाए जाने के बाद की गई टिप्पणियों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारतीय फुटबॉल की शासी संस्था ने एक बयान में कहा कि क्रोएशियाई खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह मीडिया से जो टिप्पणी की थी, वह एआईएफएफ को बदनाम करने के एकमात्र इरादे से की गई थी। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर कई आरोप लगाए। महासंघ ने उनके इन आरोपों का भी खंडन किया है कि उन्हें एआईएफएफ के किसी भी अधिकारी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई और उनके कार्यकाल के दौरान अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ उनकी कई बार व्यक्तिगत और वर्चुअल बातचीत हुई। बयान में एआईएफएफ ने स्टिमक की जीपीएस उपकरण की अनुपलब्धता संबंधी टिप्पणी को स्वीकार किया है, लेकिन कहा है कि यह केवल 50 दिनों के लिए अनुपलब्ध था और क्रोएशियाई खिलाड़ी का 200 दिनों से अधिक समय का दावा स्पष्ट रूप से भ्रामक है और प्रभाव के लिए मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का प्रयास है। बयान में 56 वर्षीय स्टिमक के अनुबंध की स्थिति पर भी प्रकाश डाला गया।

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम, 24 रन से जीता मैच

**सेंट लुसिया। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया को हरा भारतीय टीम टी20 विश्वकप 2024 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। सुपर-8 के अपने आखिरी मुकाबले में भारत ने कंगारुओं को 24 रनों से मात दी। रोहित शर्मा को शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारतीय टीम की ओर से मिले 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में डेविड वार्नर 6 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि इसके बाद कप्तान मिशेल मार्श ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। मार्श 37 रन बनाकर कुलदीप यादव का शिकार बने।

फिर मैक्सवेल ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिके। मैक्सवेल ने 20 रन बनाए। तभी मार्कस स्टॉयनिस भी 2 रन बनाकर चलते बने। विकेटों के गिरते क्रम के बीच हेड एक छोर संभाले हुए थे लेकिन रन गति बढ़ाने के चक्कर में वो भी 76 के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टिम डेविड 15 रन और मैथ्यू वेड एक रन बनाकर आउट हुए। आखिर में पैट कमिंस 11 रन और स्टार्क 4 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट खोकर 181 रन ही बना सकी। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन और कुलदीप यादव ने दो विकेट झटके।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने रोहित शर्मा



**ग्रोस आइलेट। एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अग्रणी रन-स्कोरर बन गए हैं, साथ ही उन्होंने इस प्रारूप में बतौर कप्तान सर्वाधिक जीत दर्ज करने के अपने समकक्ष पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले के दौरान हासिल की। रोहित ने मैच में 41 गेंदों पर 7 चौके और 8 छक्के की बदौलत 92 रनों की तूफानी पारी खेली। 157 मैचों में, अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 32.03 की औसत और 140.75 की स्ट्राइक रेट से 4,165 रन बनाए हैं। बाबर 123 मैचों में 41.03 की औसत से 4,145 रन बनाकर दूसरे स्थान पर खिसक गए। जबकि कोहली 123 मैचों में 48.84 की औसत से 4,103 रन बनाकर तीसरे स्थान पर खिसक गए। इसके अलावा इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराने के बाद रोहित ने बतौर कप्तान अपनी 48वीं टी20 अंतरराष्ट्रीय जीत हासिल की। बाबर ने भी 85 मैचों में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में पाकिस्तान के कप्तान के रूप में 48 जीत दर्ज की है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया।



# वाणिज्य



## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मुनाफा वसूली जारी रही। इसके साथ ही सेक्टोरल फ्रंट पर भी लगातार उथल-पुथल बना रहा। इसके बावजूद डाउ जॉन्स लगातार पांचवें दिन मजबूती दिखाते हुए 260 अंक की बढ़त के साथ पिछले 1 महीने के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,447.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े शेयरों में हुई मुनाफा वसूली के कारण नैस्डेक 192.54 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,496.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 102.12 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर 8,281.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.02 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,706.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 162.06 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,325.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### एलाइड ब्लेंडर्स का आईपीओ खुला, निवेशक 27 जून तक कर सकेंगे निवेश

मुंबई। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार को निवेशकों के लिए खुल गया। खुदरा निवेशक इस आईपीओ के लिए 27 जून तक बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 1,500 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने आईपीओ का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 267-281 रुपये तय किया है। ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी के आईपीओ में एक हजार करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं। कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम से पहले एंकर निवेशकों से 449 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को एबीडी के तौर पर जाना जाता है। ये भारतीय निर्मित विदेशी शराब कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

## उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। हालांकि इस उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में बने हुए हैं। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, ब्रिटानिया और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 1.78 प्रतिशत से लेकर 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीपीसीएल, एचसीएल टेक्नोलॉजी, अडाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.80 प्रतिशत से लेकर 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,197 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,510 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 687 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

### कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 87 डॉलरऔर डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.05 डॉलर यानी 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 86.06 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.06 डॉलर यानी 0.07 फीसदी उछलकर 81.69 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये , डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# विधायक आवास परिसर में सुविधाओं का विस्तार



- विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बैंक एटीएम, सहकारी उपभोक्ता संघ, सरस डेयरी और चिकित्सालय का उद्धाटन किया
- आवश्यकतानुसार सुविधाओं का निरंतर होगा विस्तार- देवनानी

चमकता राजस्थान

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां विधायक आवास परिसर में बैंक एटीएम ई-कॉर्नर, सहकारी उपभोक्ता संघ, सरस डेयरी और चिकित्सालय का उद्धाटन संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, सहकारिता राज्यमंत्री गोतम कुमार, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेठम, विधानसभा के सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की मौजूदगी में किया।

विधायक आवास परिसर में सुविधाओं का निरंतर विस्तार विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि विधायक आवास पि-रसर में लगभग 125 विधायकगण और उनके परिजन निवास कर रहे है। परिसर में यहां के निवासियों की आवश्यकताओं के अनुरुप सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। एसबीआई बैंक एटीएम का ई-कॉर्नर, सहकारी उपभोक्ता संघ का विविध वस्तु भण्डार, सरस डेयरी का पार्लर और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के लिये शहरी स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है। भविष्य की आवश्यकतानुसार अन्य सुविधाओं का भी समयानुसार विस्तार किया जायेंगा।

चिकित्सा सुविधाओं का होगा विस्तार देवनानी ने कहा कि चिकित्सालय में वर्तमान में ऐलोपेथी और होम्योपैथी चिकित्सकों की व्यवस्था की गई है। भविष्य में जरूरत के अनुरूप आयुर्वेद चिकित्सकों की भी यहाँ सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी। चिकित्सालय का समय भी आवशयकतानुसार बढाया जायेगा। परिसर में एक समिति का गठन किया गया है, जो यहां निवास कर रहे लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगी। उन्होंने कहा कि परिसर की सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किये गये है। यहां रहने वाले विधायकगण, उनके परिजन और उनके अतिथिगण की सुविधा और सुरक्षा के इंतजाम किये गये है।

सबको साथ लेकर चलेंगे देवनानी ने कहा कि विधानसभा के आगामी सत्र में सभी को साथ लेकर चलने के बेहतर प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 16 वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र के आरम्भ होने से पहले भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर बात की जायेंगी। आगामी 2 जुलाई को प्रस्तावित सर्वदलीय बैठक का मकसद है कि सदन नियमों के अनुसार शांतिपूर्ण चलें। सभी विधायकगण आमजन की समस्याओं को उठायें। उन्होंने कहा कि सदन में उठाई जाने वाली समस्याओं के निस्तारण के पूरे प्रयास किये जायेंगे। श्री देवनानी ने आशा व्यक्त की है कि प्रथम सत्र की भांति द्वितीय सत्र में भी सभी दलों का पूरा सहयोग मिलेगा।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास

## दिया कुमारी ने की विद्याधर नगर में साप्ताहिक जनसुनवाई की घोषणा

चमकता राजस्थान

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को 36.88 करोड़ लागत से बन रहे सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट शिलान्यास किया। दिया कुमारी ने कहा कि मानसून में जल-भराव की समस्या से सभी लोग बरसों से परेशान थे, परन्तु आज इस ड्रेनेज प्रोजेक्ट अब इस समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल पायेगा।

उन्होने कहा कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई बड़े प्रोजेक्ट, रेलवे ओवर ब्रिज, बालिका कॉलेज और सेटेलाईट हास्पीटल आ रहे है। अन्य जनसमस्याओं की निराकरण के लिए मैं जल्द ही इलाके में साप्ताहिक जनसुनवाई शुरु करने जा रही हूँ।



सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पूरा होने से भवानी निकेतन, ढेहर के बालाजी, अल्का सिनेमा, 1 नंबर सन एण्ड मून,मुरलीपुरा एवं विद्याधर नगर आदि क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

- **विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही खुलेगा बालिका महाविद्यालय**
- **सेटेलाईट हॉस्पीटल के प्रोजेक्ट का काम भी प्रगति पर**

इसके साथ ही वार्ड नं 4 में दो करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से सर्वोदय कॉलोनी से लालाराम नगर बढारना में जल निकास ड्रेनेज का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया ।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के सतत प्रयासों के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण ने इसके लिए 26.52 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी कर दिये गये है। सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट के पहले चरण में 16.09 करोड़ की लागत से सीकर रोड के पूर्वी तरफ तथा 20.53 करोड़ की लागत से सड़क की पश्चिमी दिशा में नाले का निर्माण किया जायेगा। दूसरे चरण में वीकेआई से सेन्ट्रल स्पाईन होते हुए बड़ी-खेड़ा और मुरलीपुरा में 19.21 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण करवाया जायेगा। इस प्रोजेक्ट के तीसरे चरण में 13.29 करोड़ की लागत से बाईपास रोड और खेतान अस्पताल के पीछे नाले का निर्माण करवाया जायेगा।

इस दौरान जिला पदाधिकारी, समस्त मंडल अध्यक्ष, समस्त वार्ड पार्षद, मोर्चा अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, व्यापार मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विद्याधर नगर के सम्मानित जन मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर द्वारा संगोष्ठी आयोजित

चमकता राजस्थान

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर द्वारा आपातकाल के काले अध्याय से आगामी पीढ़ी को अवगत करवाने हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई।

मुख्य वक्ता अजीत मांडन ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है,अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बाँध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन किया




मांडा ने कहा कि आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबन्धित कर दिया गया क्योंकि माना गया कि यह संगठन विपक्षी नेताओं का करीबी है तथा इसका बड़ा संगठनात्मक आधार सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने की सम्भावना रखता था। पुलिस इस संगठन पर टूट पड़ी और उसके हजारों कार्यकर्ताओं को कैद कर दिया गया। आरएसएस ने प्रतिबंध को चुनौती दी और हजारों स्वयंसेवकों ने प्रतिबंध के खिलाफ और मौलिक अधिकारों के हनन के खिलाफ सत्याग्रह में भाग लिया,आपातकाल लागू होते ही आंतरिक सुरक्षा क़ानून (मीसा) के तहत राजनीतिक विरोधियों की गिरफ़्तारी की गई, इनमें जयप्रकाश नारायण, जॉर्ज फ़र्नांडिस, घनश्याम तिवाड़ी और अटल बिहारी वाजपेयी भी शामिल थे।

भाजपा शहर जिलाअध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि 25जून को हम 'काला दिवस' के रूप में मना रहे हैं। यह आवश्यक है, कि इमरजेंसी के रूप में प्रजातंत्र का गला घोंटने का जो कुत्सित प्रयास हुआ था, देश का प्रत्येक नागरिक उसे जान सके,इंदिरा गांधी द्वारा देश के संविधान को बदलकर अपनी कुर्सी बचाने के प्रयास से पूरा देश उद्वेलित हो गया था। उद्वेलना को रोकने के लिए उन्होंने 25 जून 1975 की रात आपातकाल की घोषणा की और हजारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया, उन्हें 19 महीनों से ज्यादा जेल में रहना पड़ा,प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए आवाज उठाने और संघर्ष करने वाले सभी देशभक्तों को मैं इस अवसर पर हम उन्हें नमन करते है,सोनी ने कहा कि सत्ता को जनता से बड़ी बताकर सरकार आततायी हो गई थी। तब भी एक तरह का ₹स्वतंत्रता संघर्ष₹ हुआ था कांग्रेस के कुशासन के विरुद्ध,आज नमन है उन विभूतियों को जिन्होंने जनस्वर बनकर संपूर्ण समर्पण दर्शाया,और आज जन - जन की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है जिसका मुखिया स्वयं को प्रधानसेवक कहता है

इस अवसर पर पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत, धर्मेश जैन, नीरज जैन,राजेश घाटे,राजेश शर्मा, योगेश शर्मा, भारती श्रीवास्तव, महेंद्र रावत, रचित कच्छावा, प्रवीण जैन, मोहन लालवानी,सुरेश गोयल, सतीश बंसल, सीमा गोस्वामी,वनिता जैमन, रूबी जैन, गोपाल अहीर,सावित्री शर्मा, अंजना शेखावत, महावीर सिंह, अंजलि ढांचा, अनिल नरवाल,मुकेश सोनी ,अंकित गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।

# भारत विश्व गुरु है,भारत का गौरव सम्पूर्ण विश्व मानता है: निंबाराम

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश महासमिति अधिवेशन में मुख्य अतिथि रहे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

चमकता राजस्थान।

सीकर, 25 जून। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय प्रदेश महासमिति अधिवेशन बिजोली धौलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भजनलाल शर्मा, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, मुख्य वक्ता निंबाराम, क्षेत्र प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र,अति विशिष्ट अतिथि महेंद्र कपूर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विशिष्ट अतिथि घनशयाम, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री और प्रदेश संगठन मंत्री, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार ने की।

इस दौरान प्रांत प्रचारक बाबू लाल,गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी उपस्थित रहे।

प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि अधिवेशन के मुख्य वक्ता निंबाराम ने कहा कि आज राजस्थान में 72000 से अधिक शासकीय विद्यालयों में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के कार्यकर्ता है। हम अपने विचार, दृष्टिकोण और विशिष्ट पहचान के लिए जाने जाते है। 2047 का भारत अर्थात स्वाधीनता के 100 वर्ष पूर्ण होने तक का यह समय देश का अमृतकाल है। शासन ने पंच प्रण का विचार दिया है जिनमे स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबंधन के विषय है। हमें देश में नव जागरण लाना है। हमें विद्यार्थियों में स्वालंबन, स्वाभिमान और दक्षता का विकास जैसे गुणों का निर्माण करना है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें आगे लाना है। पिछले दशक में देश में स्वदेशी जागरण का भाव प्रगाढ़ हुआ है। वर्षों से चली आ रही सनातनी परंपरा और देश वासियों के उत्तम चरित्र के कारण भारत का एक गौरव है जिसको सम्पूर्ण विश्व मानता है। योग दिवस का प्रस्ताव भारत द्वारा रखने पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्विरोध स्वीकार किया गाय। यह हमें विश्व गुरु की अनुभूति कराते है। भारत आज भी विश्व गुरु है । जी 20 सम्मेलन भारत में हुआ जिसकी थीम वसुधैव कुटुंबकम् रही। राष्ट्राध्यक्षो के परिचय सत्र में पृष्ठभूमि में नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर के चित्र थे जिनसे विश्व को महान विश्वविद्यालय की जानकारी दी। दुनिया ने जाना कि किस प्रकार धर्मांध आक्रमणकारी ने ऐसे गौरवशाली समृद्ध विश्वविद्यालय को नष्ट किया।

सम्मेलन में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) शिक्षक, शिक्षार्थी और राष्ट्रहित को ध्यान रखकर कार्य करने वाला संगठन है । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय सदैव राष्ट्रहित, समाज हित और शिक्षा हित में कार्य करता है। दल भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सरोकार के प्रति जागरूक बनाता है।शिक्षित और सक्षम नागरिक ही राष्ट्र की प्रगति का आधार होते हैं । शिक्षक अपने शिष्य का मार्गदर्शक, मित्र और प्रेरणास्त्रोत होता है। विद्यार्थी विद्यालय में जो कुछ सीखते है वह उनके जीवन को दिशा देता है। शिक्षक विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना और संस्कारों का समावेश कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते है। राजस्थान सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को ओर अधिक बेहतर बनाने के लिए अपने आगामी बजट में शिक्षकों से उनके सुझाव आमंत्रित किए हैं। राज्य में सरकारी विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने तथा शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डॉ शयामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। उनका जीवन राष्ट्र के लिए पूरी तरह से समर्पित था। डॉ मुखर्जी ने कश्मीर मुद्दे पर राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखते हुए तत्कालीन कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने एक देश में दो संविधान दो विधान का विरोध किया। शयामा प्रसाद मुखर्जी का सपना यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी ने धारा 370 को हटाकर पूरा किया। विद्यार्थियों में कौशल विकास, रोजगार परक शिक्षा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में नई शिक्षा नीति 2020 लागू हुई है। आज पिछले दशक में देश में 13 से 21 आईआईएम, मेडिकल कॉलेज दुगुने, इंजीनियरिंग कॉलेज तिगुने हुए हैं। 2014 के बाद देश में आतंकवाद और नक्सलवाद से सुरक्षा और देश की सीमा सुरक्षा से लेकर कई महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। अल्प आय वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा देने का कार्य राजस्थान सरकार कर रही है। सरकार ने आगामी बजट हेतु भी शिक्षकों से सुझाव लिए है। शिक्षकों की समस्या सरकार की समस्या है।सरकार अपनी समस्या मानकर उनका निराकरण करेगी।आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलते हुए समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को आगे लाने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। हमारा हर काम राजस्थान के हित में होगा। देश के प्रधानमंत्री जी के आ''ान पर हम सभी अपनी अपनी माता के नाम से एक वृक्ष अवशय लगाएं।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राष्ट्र निर्माता हमारे शिक्षक अच्छे नागरिक देने का कार्य करते है । हम अपने आप को छात्रों के सम्मुख आदर्श के रूप में प्रस्तुत करे ताकि छात्र हमारा अनुसरण करते हुए अच्छे नागरिक बने।

प्रदेश संगठन मंत्री घनशयाम ने कहा कि हम मात्र शिक्षक संगठन नहीं अपितु शैक्षिक संगठन है । हम शिक्षा और समूचे समाज की बात करते है। हम जनमत परिष्कार,पर्यावरण संरक्षण,कर्तव्यबोध करते हुए राष्ट्रहित के कार्य करते है।संगठन समूचे राज्य के 50 जिलों में कार्यरत है। इस संगठन के विचार मात्र से हमें गर्व की अनुभूति होती है। घनशयाम ने संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की भी घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि पूर्व सरकार ने शिक्षकों को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं रखी। पुष्करणा ने तृतीय श्रेणी सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण करने, संविदा शिक्षकों यथा पंचायत शिक्षक, शिक्षा कर्मी, पैराटीचर को नियमित करने, बेसिक कंप्यूटर अनुदेशकों, वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशकों, प्रबोधको और शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करने, पिछले 4 वर्षों से रुकी पदौन्नतियाँ करने, आपसी स्थानांतरण(म्यूचुअल ट्रांसफर)की व्यवस्था पुनः शुरू करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने सहित विभिन्न मांगे रखी।

प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने महामंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत कर संगठन की रीति नीति और संगठन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों से सदन को अवगत करवाया। इस अवसर प्रदेश के सभी जिलों से हजारों शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के विधान संशोधन प्रस्ताव सत्र में तीन प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें संगठन द्वारा उपशाखा, जिला अथवा प्रदेश स्तर पर भूमि/भवन क्रय करने पर स्थाई समिति की अनुमति लेने, संगठन में उपशाखा, जिला अथवा प्रदेश स्तर पर नवीन निर्माण के लिए कमेटी गठित कर कार्य करना जिसकी अनुमति स्थाई समिति से हो और साथ ही प्रत्येक उपशाखा में पीईईओ स्तर पर संकुल कार्यकारिणी मनोनित होगी जिसमें एक संयोजक व दो सह संयोजक होंगे जिनमें एक महिला सदस्य अनिवार्य

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929